राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण गुरुवार,29 दिसंबर 2022 वर्ष–5,अंक–332 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


## कर्नाटक में जल्द हो सकता है कैबिनेट विस्तार, नड्डा से मिले सीएम बोम्मई और बीजेपी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे चार महीने पहले भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व बसवराज बोम्मई सरकार की कैबिनेट के विस्तार पर मुहर लगा सकती है। मुख्यमंत्री के साथ कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष नलिन कुमार कटील दिल्ली में बीजेपी नेतृत्व से बात करने के लिए दिल्ली में डेरा जमाए हुए थे। पहले इनकी मुलाकात राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई। इसके बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएस संतेष और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह से मिले। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पहले सिर्फ बसवराज बोम्मई ही केंद्रीय नेतृत्व से मिलने के लिए दिल्ली आने वाले थे। लेकिन, रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें भी बुलावा भेजा। समझा जा रहा है कि इस बैठक में कैबिनेट विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। आपको बता दें कि कर्नाटक में बसवराज बोम्मई की सरकार में पांच मंत्रियों के पद खाली हैं। केएस ईश्वरप्पा और रमेश जारकीहोली कैबिनेट में जगह पाने के लिए दबाव बना रहे हैं। ईश्वरप्पा ने इसी साल अप्रैल में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन पर संतोष पाटिल नामक एक ठेकेदार की कथित आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने उन्हें क्लीन चिट दे दी थी। सेक्स टेप स्कैंडल में नाम आने के बाद जारकीहोली ने इस्तीफा दे दिया था। इन दोनों के अलावा कुछ नए चेहरों के कैबिनेट में जगह मिलने की संभावना है। हालांकि अंतिम निर्णय केवल केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा लिया जाएगा। ईटी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने बोम्मई और कटील को कर्नाटक के पार्टी नेताओं के साथ कैबिनेट विस्तार के मुद्दे पर चर्चा करने का निर्देश दिया है। 30 दिसंबर को गृह मंत्री अमित शाह के कर्नाटक दौरे की भी योजना है। स्थानीय नेतृत्व से इस विषय पर चर्चा भी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि अगर कैबिनेट विस्तार होता है तो यह मौजूदा विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद यानी 30 दिसंबर के बाद होगा। कर्नाटक के नेताओं ने आरक्षण के मुद्दे पर भी चर्चा की। राज्य विधानसभा द्वारा एससी/एसटी आरक्षण में वृद्धि को मंजूरी देने के साथ कर्नाटक ने अब 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को पार कर लिया है।

# 'पप्पू' कहने वालों को राहुल गांधी का जवाब- मेरी दादी को भी कहा गया गूंगी गुड़िया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद को पप्पू कहने वालों को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता है, यह प्रोपेगेंडा कैंपेन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के दिलों में क्या है, उसे दिखाता है। उन के दिल में डर है। वे परेशान और नाखुश हैं। द बॉम्बे जर्नी को दिए इंटरव्यू में राहुल गांधी ने इस दौरान अपनी दादी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को भी आयरन लेडी कहे जाने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। आज जो मुझे दिन रात कोसते हैं, वही लोग उन्हें गूंगी गुड़िया कहते थे और अचानक वह आयरन लेडी बन गई थीं। वह हमेशा आयरन लेडी ही थीं।



राहुल गांधी ने कहा, मैं कोई भी नाम लेने वालों का स्वागत करता हूं। मुझे अच्छा लगता है। कृपया मेरा नाम ज्यादा से ज्यादा लें। राहुल गांधी का यह इंटरव्यू भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही उस वक्त लिया गया था, जब वह मुंबई में थे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं किसी भी बात की चिंता नहीं करता। आप जो चाहें मुझे कह सकते हैं। मैं उससे परेशान नहीं होता। इंटरव्यू में इंदिरा गांधी के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, उन्हें आयरन लेडी कहने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। वही लोग जो आज मुझ पर हमले करते हैं, उन्हें गूंगी गुड़िया कहते थे। फिर अचानक वह गूंगी गुड़िया आयरल लेडी बन गई थी।

अपनी दादी को याद करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह मेरी जिंदगी का प्यार थीं और मेरी दूसरी मां थीं। क्या आप दादी जैसे गुण चाहते हैं? इस पर राहुल गांधी ने कहा कि यह दिलचस्प सवाल है। मेरी मां और दादी दोनों के गुणों को मैं चाहता हूं और यह अच्छा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु से चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब दिल्ली आ पहुंची है। 24 दिसंबर को विराम के बाद 3 जनवरी से इस यात्रा की फिर शुरुआत होगी। यह यात्रा अब यूपी के एक हिस्से में जाएगी और उसके बाद हरियाणा, पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर निकलेगी।

**फारूक अब्दुल्ला और महबूबा भी होंगे यात्रा में शामिल**

खबर है कि जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी कांग्रेस की यात्रा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि बीते करीब 4 महीनों से इस यात्रा पर निकले राहुल गांधी के कई बयान चर्चा में रहे हैं। सावरकर पर महाराष्ट्र में दिया बयान हो या फिर सैनिकों को लेकर कई गई टिप्पणी दोनों की काफी चर्चा रही है।

**● राहुल गांधी ने इस दौरान अपनी दादी और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को भी आयरन लेडी कहे जाने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। आज जो मुझे दिन रात कोसते हैं, वही लोग उन्हें गूंगी गुड़िया कहते थे और अचानक वह आयरन लेडी बन गई थीं। वह हमेशा आयरन लेडी ही थीं। राहुल गांधी ने कहा, मैं कोई भी नाम लेने वालों का स्वागत करता हूं। मुझे अच्छा लगता है। कृपया मेरा नाम ज्यादा से ज्यादा लें। राहुल गांधी का यह इंटरव्यू भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही उस वक्त लिया गया था, जब वह मुंबई में थे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं किसी भी बात की चिंता नहीं करता। आप जो चाहें मुझे कह सकते हैं। मैं उससे परेशान नहीं होता। इंटरव्यू में इंदिरा गांधी के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, उन्हें आयरन लेडी कहने से पहले गूंगी गुड़िया कहा जाता था। वही लोग जो आज मुझ पर हमले करते हैं, उन्हें गूंगी गुड़िया कहते थे। फिर अचानक वह गूंगी गुड़िया आयरल लेडी बन गई थी।**

# उप्र के मऊ में झोपड़ी में लगी आग, पांच की मौत



**मऊ (उत्तर प्रदेश)।** जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर में रात को घास-फूस से बनी एक झोपड़ी (रिहायशी मड़ई) में आग लग जाने से झुलसकर चार बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीआईजी आजमगढ़ मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक गुड्डी राजभर पत्नी रमाशंकर अपने तीन बच्चों अभिषेक (12), दिनेश (10) और अंजेश (6) के साथ पांच साल से झोपड़ी में रहती थी। कुछ दिन पहले उनकी बहन की पुत्री चांदनी (14) भी उनके साथ रहने आई थी। इस हादसे में पांचों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि खाना बनाने के चूल्हे की आग पूरी तरह न बुझने से यह हादसा हुआ। जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने भी घटनास्थल का दौरा किया है।

# जम्मू के सिदडा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में बुधवार को सुबह ही सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। ट्रक से आए आतंकियों को सुरक्षा बलों ने घेर लिया और मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। जम्मू के सिधरा इलाके में सुरक्षाकर्मियों को एक संदिग्ध ट्रक दिखा था, जिसे सिधरा टोल पर रोका गया। ट्रक से निकले तीन आतंकियों ने फायरिंग शुरू की थी, जो मार गिराए गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि ट्रक का ड्राइवर फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। इन आतंकियों के पास बड़े पैमाने पर हथियार और बारूद था। सुबह 7 बजे हुए इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। खासतौर पर 26 जनवरी से पहले अलर्ट चल रहे सुरक्षा बलों के लिए आतंकी मॉड्यूल का यह भंडाफोड़ अहम है।



डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाले हाइवे से ये आतंकी घाटी की ओर जा रहे थे। इन लोगों के पास बड़े पैमाने पर हथियार होने की भी आशंका है, जो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आमतौर पर यहां दोपहर 12 बजे से ही ट्रकों की आवाजाही शुरू होती है। लेकिन इस ट्रक को देखकर संदेह हुआ तो पुलिस ने उसे रोका। पुलिसकर्मियों की ओर से रोके जाने के बाद ड्राइवर ने पेशाब का बहाना किया और भाग निकला। इस बीच ट्रक के अंदर से फायरिंग शुरू हो गई। इसका जवाब देते हुए सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। उन्होंने कहा कि इन आतंकियों ने बड़े पैमाने पर हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों पर किया।

सुरक्षा बलों ने कहा कि फिलहाल यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि ये आतंकी किस संगठन से जुड़े हुए हैं। पुलिस का कहना है कि खराब मौसम है और घरा कोहरा छाया हुआ है। ऐसे में इस बात की भी आशंका है कि ये आतंकी आसपास के जंगल में छिप गए हों। ऐसे में सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सिधरा बाईपास पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है और आतंकियों एवं ट्रक ड्राइवर की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 26 जनवरी से पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल मुस्तैद हैं और उसी का नतीजा है कि सुबह ही उन्होंने आतंकियों को धर दबोचा और ढेर कर दिया।

# कोहरे से रेल सेवा हुई प्रभावित, 279 ट्रेनें करी रद्द

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर रेल सेवाओं पर पड़ा है। रेलवे ने 279 ट्रेनों को पूरी तरह और 44 को आंशिक रूप से रद कर दिया है। रद की गई ट्रेनों में बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और अन्य राज्यों से चलने वाली गाड़ियां शामिल हैं। इसके अलावा 24 ट्रेनों को रीशेड्यूल्ड और चार ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। रद की ट्रेनों में गरीब रथ और जनशताब्दी जैसी ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा दून एक्सप्रेस (13009) अपने निर्धारित समय से 03 घंटे 58 मिनट, गंगासतलुज एक्सप्रेस (13307) 06 घंटे 37 मिनट,



अमृतसर शताब्दी (12014) 01 घंटा 10 मिनट, मुंबई राजधानी एक्सप्रेस ((12952) 01 घंटा 06 मिनट और लखनऊ मेल (12229) 03 घंटे 13 मिनट की देरी से चल रही है।

# भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज, कर्नाटक दौरे पर दिया था विवादित बयान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक दौरे के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक भाषण देने के संबंध में भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला ने शिमोगा के एसपी जीके मिथुन कुमार के समक्ष दर्ज कराई है। उन्होंने इसकी एक प्रतिलिपि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी भेजी है।

**शिकायतकर्ता दर्ज कराई प्रज्ञा सिंह के खिलाफ शिकायत**

शिकायतकर्ता ने कहा है कि प्रज्ञा सिंह का भाषण अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हथियारों के इस्तेमाल का खुला आह्वान है। उनके भाषण से समुदाय विशेष के खिलाफ असहिष्णुता, घृणा और हिंसा बढ़ सकती है, जो एक तरह से अपराध है। प्रज्ञा सिंह ठाकुर



ने कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या को लेकर आक्रोश से भरा बयान दिया था।

**प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने दिया था विवादित बयान**

प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा था कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। हिंदुओं को अपने घरों में धारदार हथियार रखना चाहिए, पता नहीं कब इसकी आवश्यकता पड़ जाए। लव जिहाद पर बोलते हुए उन्होंने कहा था कि यह उनकी (मुस्लिमों) की परंपरा है। उन्हें जब कुछ नहीं मिलता तो वे लव जिहाद करते हैं। उनके प्यार में भी जिहाद होता है। हम (हिंदू) भी प्रेम करते हैं, हम भगवान से प्रेम करते हैं। एक सन्यासी अपने भगवान से प्रेम करता है। वह हिंदू जागरण वेदिका के दक्षिण क्षेत्र के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रही थीं।

**प्रज्ञा ठाकुर के भाषण के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएंगे जयराम रमेश**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के बयान को हेट स्पीच (नफरती भाषण) बताया है। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा के खिलाफ वह जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। प्रज्ञा ठाकुर ने जो कहा है, वो स्पष्ट रूप से हेट स्पीच का मामला है। उनके खिलाफ मुकदमा चलना चाहिए।

# भारत में अब तक 39 विदेशी यात्री मिले कोरोना पॉजिटिव, सभी एयरपोर्ट पर हो रही रैपिड टेस्टिंग

**नई दिल्ली।** चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में भारत सरकार भी इसको लेकर सतर्क है। एहतियात के तौर पर भारत के सभी एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की रैपिड टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। रैपिड टेस्टिंग के दौरान कोरोना पॉजिटिव केस भी मिल रहे हैं।

**39 अंतरराष्ट्रीय यात्री मिले कोरोना पॉजिटिव**


एक रिपोर्ट के अनुसार, 24 दिसंबर से अब तक 498 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की टेस्टिंग की जा चुकी है। इस दौरान 1,780 सैंपल इकट्ठा किए गए हैं। इनमें से 39 यात्री कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। अब इन सभी सैंपल्स को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया गया है।

**बेंगलुरु एयरपोर्ट पर मिले 4 यात्री संक्रमित**

बता दें कि कल यानी मंगलवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में केंपेगौड़ा एयरपोर्ट पर चार विदेशी यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। यात्रियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें क्वारंटाइन कर दिया गया है।

**बोधगया में 5 विदेशी श्रद्धालु कोविड पॉजिटिव**

वहीं, इससे पहले बिहार के बोधगया में 5 श्रद्धालुओं की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। दरअसल, एयरपोर्ट पर 33 विदेशियों की कोविड जांच कराई गई थी। इनमें से पांच लोग कोरोना



**● देश के सभी हवाई अड्डों पर कोरोना की रैपिड टेस्टिंग की जा रही है। इस दौरान भारत में अब तक 39 विदेशी यात्री कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।**

संक्रमित पाए गए थे, जबकि बाकी 28 की रिपोर्ट निगेटिव थी।

**देशभर के सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल**

देशभर के सभी अस्पतालों में कोरोना से निपटने की तैयारी को लेकर मंगलवार को मॉक ड्रिल की गई। पीएम मोदी की सलाह पर देशभर के विभिन्न अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मॉक ड्रिल से हमें ये जानने में मदद मिलेगी कि किस स्तर पर क्या कमी है और इन्हें हम समय रहते दुरुस्त कर लेंगे। मांडविया ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल का दौरा भी किया।

**भारत में Coronavirus के 157 नए मामले**

देश में मंगलवार को कोरोना के कुल 157 मामले दर्ज किए गए। वहीं, सक्रिय मामले घटकर अब 3,421 हो गए हैं। एक दिन पहले सक्रिय मामले 3,428 थे। इसके साथ ही दैनिक पॉजिटिविटी दर 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर 0.18 प्रतिशत रही। सक्रिय मामले अब कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत हैं।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# संपादकीय

वैसे तो आम आदमी को दस लाख रुपये का ऋण मिलना भी बहुत बड़ी बात है, पर अमीर उद्योगपति बहुत आसानी से बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अपना काम करा लेते हैं। जब एक बैंककर्मी रिश्वत लेता है, तो वह अपने बैंक और ग्राहकों को ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को भी चूना लगाता है। चंदा कोचर जैसे बड़े बैंकर पर भी जब सवाल उठते हैं, तो बैंकिंग व्यवस्था से लोगों का विश्वास टूटता है।

# सीबीआई की सक्रियता

देश में अनियमितता के दो मामलों में सीबीआई की कार्रवाई चर्चा में है। जहां एक मामले में इस केंद्रीय जांच एजेंसी ने वीडियोकॉन समूह के अध्यक्ष वेणुगोपाल धूत को आईसीआईसीआई ऋण मामले में गिरफ्तार किया है, तो वहीं दूसरे मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके कुछ परिजनों पर सीबीआई ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पहले बात वेणुगोपाल धूत से जुड़े मामले की। सीधे शब्दों में अगर समझाएं, तो धूत की कंपनी ने बैंक से ऋण लिया था और बदले में आईसीआईसीआई बैंक की तत्कालीन सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को निवेश के जरिये आर्थिक लाभ दिया। 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण से जुड़े इस मामले में चंदा कोचर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है, अब धूत की गिरफ्तारी से उद्योग जगत के साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में कड़ा संदेश जाएगा। अगर किसी भी प्रकार से रिश्वत देते हुए किसी ने ऋण प्राप्त किया है, तो वह सजा का भागी है। वैसे तो आम आदमी को दस लाख रुपये का ऋण मिलना भी बहुत बड़ी बात है, पर अमीर उद्योगपति बहुत आसानी से बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अपना काम करा लेते हैं। जब एक बैंककर्मी रिश्वत लेता है, तो वह अपने बैंक और ग्राहकों को ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को भी चूना लगाता है। चंदा कोचर जैसे बड़े बैंकर पर भी जब सवाल उठते हैं, तो बैंकिंग व्यवस्था से लोगों का विश्वास टूटता है। जितने दोषी विजय माल्या या नीरव मोदी जैसे कर्जदार उद्यमी हैं, उससे कहीं ज्यादा दोषी भ्रष्ट बैंकर हैं। सीबीआई अगर वाकई ऋण के भ्रष्ट तंत्र को जड़ से उखाड़ना चाहती है, तो उसे इस मामले को अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। इसका फायदा देश को दिखना और होना चाहिए। बिना कड़ाई भ्रष्ट आचरण काबू में नहीं आ सकता। वैसे बिहार से जुड़ा मामला पहली नजर में कुछ अलग और ज्यादा राजनीतिक लग रहा है। रेल मंत्री रहते हुए परोक्ष रूप से धन या संपत्ति जुटाने का आरोप नया नहीं है और एक समय आया था, जब मान लिया गया था कि सीबीआई ने इस मामले को बंद कर दिया है। अब मामले के खुलने से खासकर बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव निशाने पर आएंगे। क्या सीबीआई को इस मामले में नए साक्ष्य मिल गए हैं? सीबीआई की पारदर्शी कार्रवाई से ही इस मामले में होने वाली राजनीति पर लगाम लगेगी। मामला खड़ा करना या किसी मामले को खोलना या किसी मामले में पुख्ता साक्ष्य के बाद ठोस पहल करना गलत नहीं है, लेकिन कैसे भुला दें कि यह जांच एजेंसी अनेक बार किरकिरी करा चुकी है? वह अगर कानून के तहत चले और राजनीति या राजनेताओं के आभामंडल से प्रभावित न हो, तो वह निश्चित ही देश की सच्ची सेवा को साकार कर सकती है। यह एक ऐसी एजेंसी है, जिस पर अब भी लोगों का थोड़ा विश्वास कायम है। रेल से जुड़े इस मामले में रिश्वत का जो तरीका बताया जा रहा है, क्या वह नया है? ऐसे कितने मामलों में पहले दोषियों को सजा हुई है? किसी दिखावटी कंपनी के जरिये 30 करोड़ की जमीन पांच करोड़ रुपये में ले लेना और फिर कंपनी को चार लाख शेयरों के हेरफेर से कब्जा लेना, मतलब रिश्वत को ठंडा करके धीरे से जेब में डाल लेने के इस आसान तरीके पर लगाम लगाना सीबीआई के ही वश की बात है। लोग तो यही चाहेंगे कि सियासत नहीं, सही जांच हो और दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए।

## सूक्ति

जिस राष्ट्र में चरित्रशीलता नहीं है उसमें कोई योजना काम नहीं कर सकती।
- विनोबा भावे

उत्तम पुरुषों की संपत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो।
- रहीम

## लॉफिंग ज़ोन

मेहमान 'आपका घर तो अच्छा-खासा चिड़ियाघर लगता है।'
राहुल 'यह तो आपकी मेहरबानी हैं, सारी रौनक तो आपके आने से हुई है।'

□ □ □

जनगणना पार्टी गांव में गई। उन्होंने गांव के मुखिया से पूछा, 'आपके गांव में पुरूषों और स्त्रियों की मत्यु-दर क्या है?'
मुखिया बोला, 'हजूर शत-प्रतिशत।'
अफसर हैरान होकर बोला, 'वह कैसे?'
मुखिया, 'हजूर हमारे गांव में जो भी पैदा होता है एक न एक दिन मरता जरूर है।'

□ □ □

एक बादशाह का जनाजा बडी शान से उठा। हजारों लोगों की भीड़ साथ थी। बादशाह का एक चमचा चिल्ला उठा, 'हजूर आप जिंदा होते तो अपने जनाजे की शान देख कर कितना खुश होते।'

□ □ □

दो मूर्ख एक म्यूजियम देखने चले गए। वहां एक ममी रखी थी। उस पर बोर्ड लगा था, 'बी.सी.186।'
पहला मूर्ख बोला, 'लगता है बेचारा किसी ट्रक के नीचे आकर मरा है।
दूसरा बोला, 'ठीक कहते हो। तभी तो ट्रक का नम्बर भी लिख कर टांग दिया है।'

# राजस्थान में टूटेगा सत्ता बदलने का मिथक?

(लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा)

राजस्थान में अगले साल दिसंबर के प्रथम सप्ताह में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश में सक्रिय सभी राजनीतिक दलों ने अपनी राजनीतिक गतिविधियों व कार्यक्रम को तेज दिया है। सभी दलों ने चुनाव की जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। राजस्थान में फिलहाल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की सरकार चला रहे हैं। वही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। 1993 के विधानसभा चुनाव से राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है। यहां एक बार भाजपा की तो अगली बार कांग्रेस की सरकार बनती रही है। पिछले 30 वर्षों से चले आ रहे इस मिथक को अभी तक कोई भी राजनीतिक दल नहीं तोड़ पाया है। इस बार सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता दावा कर रहे हैं कि हम हर बार सत्ता बदलने के मिथक को तोड़ कर लगातार दूसरी बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। वहीं भाजपा के नेता कांग्रेस को हराने का दावा कर रहे हैं। राजस्थान में तीसरा मोर्चा कभी मजबूत नहीं रहा है। 1990 के विधानसभा चुनाव में जनता दल अवश्य कुछ प्रभावी रहा था। मगर वह भी तब जब उसने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। तीसरा मोर्चा के नाम पर राजस्थान में बसपा का अवश्य कुछ प्रभाव है। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश में 6 सीटों पर जीत हासिल कर 4 प्रतिशत मत पाये थे। उस समय हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी पहली बार चुनाव मैदान में उतरी थी। उसे 3 सीटों पर जीत मिली थी तथा 2.4 प्रतिशत मत मिले थे। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने भी राजस्थान की अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उसके किसी भी प्रत्याशी को एक हजार वोट भी नहीं मिल पाने के कारण एक प्रतिशत से भी कम वोट हासिल कर पाई थी। माकपा ने 2 सीटों पर राष्ट्रीय लोक दल ने एक सीट पर व भारतीय ट्राईबल पार्टी ने 2 सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इन में से किसी भी पार्टी को 1 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिल पाए थे। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा में मुकाबला होगा। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी भी इस बार चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का दावा कर रही है। हाल ही में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त होने के बाद आप पार्टी के नेताओं का मनोबल बहुत बढा हुआ है। गुजरात विधानसभा चुनाव में 12.92 प्रतिशत वोट व पांच विधानसभा सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी ने गुजरात में कांग्रेस व भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को काफी वोट मिलने के कारण ही गुजरात में कांग्रेस को पहली बार करारी हार झेलनी पड़ी। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप पार्टी ने कांग्रेस के वोट कटवा पार्टी की भूमिका निभा कर भाजपा को बड़ा लाभ पहुंचाया था। आप पार्टी के द्वारा वोट काटने के कारण ही कांग्रेस 77 सीटों से सिमटकर 17 पर आ गई तथा पार्टी के वोट प्रतिशत भी घटकर 27.28 प्रतिशत रह गए। राजस्थान में भी आप गुजरात का खेल दोहराना चाहती है। गुजरात विधानसभा के चुनाव में तो आप पर आरोप भी लगे थे कि वह भाजपा से मिलकर कांग्रेस को कमजोर कर रही है। गुजरात में अपने कदम जमाने के बाद अब आम आदमी पार्टी राजस्थान की ओर रुख करने जा रही है। आम आदमी पार्टी ने यह तय कर लिया है कि अब उनका अगला लक्ष्य राजस्थान होगा। इसके लिए अगले साल जनवरी महीने से ही तैयारियां शुरू हो जाएंगी। जनवरी में आम आदमी पार्टी की टीमें राजस्थान आ जाएंगी। गुजरात में 5 सीटें जीतने और राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी राजस्थान में अपने पैर जमाना चाहती है। गुजरात की तर्ज पर ही पूरे जोर-शोर के साथ आप पार्टी राजस्थान में भी चुनाव लड़ेगी। गुजरात की तर्ज पर राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी राष्ट्रीय संगठन प्रभारी और आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक को ही दी गई है। वे ही राजस्थान में चुनाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा पहले से ही राजस्थान में सक्रिय हैं आप पार्टी सूत्रों का कहना है कि जनवरी से पार्टी राजस्थान में सक्रियता के साथ अपना काम शुरू कर देगी। प्रारंभिक तौर पर सर्वे हो चुके हैं। जनवरी से आगे के सर्वे भी शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा सदस्यता भी तेजी से बढ़ाई जाएगी। राजस्थान में भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर ही आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। दिल्ली और पंजाब की ही तरह विकास के मॉडल को आगे रखेगी। राजस्थान में आम आदमी पार्टी चेहरों की तलाश में है। ऐसे में जनवरी से पार्टी की वर्किंग इस ओर भी शुरू होगी। आप पार्टी के सूत्रों का कहना है कि राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों से जुड़े कुछ युवा नेताओं से वह संपर्क में है। साथ ही नए चेहरों को भी जोड़ने की तैयारी है। विनय मिश्रा के मुताबिक हमने राजस्थान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के सर्वे करवाए हैं। इनमें राजस्थान के सर्वे बहुत अच्छे आए हैं। राजस्थान के लोग बदलाव चाहते हैं। एंटी इनकंबेंसी और दोनों पार्टियों में जो खींचतान है। उसको देखते हुए लग रहा है कि हम अच्छा कर सकते हैं। राजस्थान बदलाव चाह रहा है। विनय मिश्रा के मुताबिक हमने सारी चुनौतियों का विश्लेषण किया है। राजस्थान बहुत बड़ा है। देश का 10वां हिस्सा है। हम ईमानदार पार्टी हैं। बाकी पार्टियां बड़ी पार्टियां है। उनके पास हेलिकॉप्टर और प्लेन वगैरह है। जबकि हमारे मुख्यमंत्रियों ने गुजरात में रोड से यात्रा करके प्रचार किया है। मगर राजस्थान में यह संभव नहीं है। प्रचार के लिए राजस्थान में हमें अलग रणनीति बनानी पड़ेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा से कांग्रेस का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। राहुल गांधी की मौजूदगी के चलते प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की आपसी गुटबाजी पर भी लगाम लगा था। वही सांगठनिक रुप से भी पार्टी मजबूत हुई है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पार्टी को सांगठनिक रूप से और अधिक मजबूत करने का प्लान तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने भी अपनी पदयात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट के साथ बंद कमरे में दो घंटे तक मीटिंग करें उन्हें आपसी गिले-शिकवे दूर करने की हिदायत दी है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान कांग्रेस में मंत्रिमंडल व संगठन में जो बदलाव होना है वह पूरा हो जाएगा। उसके बाद पार्टी पूरी चुनावी माहौल में सक्रिय हो जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अगला बजट भी पूरी तरह चुनावी होगा। जिसमें प्रदेश के आम मतदाताओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं व वादे किए जाएंगे। भाजपा भी प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश यात्राएं निकाल रही है। हालांकि भाजपा में नेता पद की लड़ाई जोरों से है तथा पार्टी कई गुटों में बंटी हुई है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को एक जाजम पर बैठाने के लिए बार-बार मशक्कत करनी पड़ रही है। भाजपा में चल रही आपसी गुटबाजी के कारण ही गहलोत चार साल से लगातार बिना किसी बाधा के शासन चला रहे हैं। प्रदेश मे आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी व बसपा प्रदेश के मतदाताओं पर कितना प्रभाव डाल पाती है। इसका पता तो विधानसभा चुनाव के नतीजों से ही चल पाएगा। बहरहाल तो सभी राजनीतिक दल चुनाव जीतने की गोटिया बैठाने में जुटे हुए नजर आ रहे हैं। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)



# विदेश में रह रहे भारतीय मूल के नागरिक भारत के आर्थिक विकास को गति देने में दे रहे अपना योगदान

(लेखक-प्रहलाद सबनानी)

अभी हाल ही में विश्व बैंक ने एक प्रतिवेदन जारी कर बताया है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों द्वारा वर्ष 2022 में 10000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का विप्रेषण भारत में किए जाने की सम्भावना है जो पिछले वर्ष 2021 में किए गए 8940 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विप्रेषण की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों द्वारा विप्रेषण के माध्यम से प्राप्त की जा रही राशि की सूची में भारत का प्रथम स्थान बना हुआ है। इतनी भारी भरकम राशि में अमेरिका इंग्लैंड एवं सिंगापुर में रह रहे भारतीयों द्वारा किया जाने वाला विप्रेषण भी शामिल है। इन तीनों देशों का योगदान वर्ष 2016 से 2021 के बीच 26 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया है। जबकि गल्फ कोआपरेशन काउन्सिल (जीसीसी) देशों का योगदान इस अवधि में 54 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत हो गया है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि अब भारतीय मूल के नागरिक अमेरिका इंग्लैंड एवं सिंगापुर सहित अन्य कई विकसित देशों में डॉक्टर इंजिनीयर एवं सायंटिस्ट जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उच्च कौशल के पदों पर कार्य कर रहे हैं जहां आज भारतीयों को अधिकतम वेतन प्राप्त हो रहा है। जबकि पूर्व में अधिकतम भारतीय गल्फ कोआपरेशन काउन्सिल देशों में ब्लू कॉलर जॉब करते रहे हैं जहां तुलनात्मक रूप से बहुत कम वेतन प्राप्त होता रहा है। इसी कारण के चलते अब अधिकतर भारतीय गल्फ देशों की तुलना में विकसित देशों की ओर अधिक मात्रा में आकर्षित हो रहे हैं। पहिले जहां भारत में सबसे अधिक विप्रेषित राशि यूनाइटेड अरब अमीरात से प्राप्त होती थी वहीं अब सबसे अधिक विप्रेषित राशि अमेरिका से प्राप्त हो रही है। आज अनिवासी भारतीयों की सूची में सूचना प्रौद्योगिकी जैसे तकनीकी क्षेत्र में कार्य करने वाले भारतीयों की संख्या अमेरिका एवं यूरोप के देशों में तेजी से बढ़ती जा रही है इस वर्ग को तुलनात्मक रूप से अधिक वेतन की राशि प्राप्त होती है जिसके चलते भारतीयों का यह वर्ग विप्रेषण भी अधिक राशि का करता है।

भारत में विप्रेषित की जाने वाली राशि में अत्यधिक वृद्धि के कारकों में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में हो रहा अवमूल्यन भी शामिल है। क्योंकि इससे भारतीय नागरिकों को डॉलर की तुलना में रुपए में अधिक राशि का विप्रेषण होता है। मान लीजिए एक अमेरिकी डॉलर की बाजार में कीमत 75 रुपए है और यदि यह बढ़कर 82 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर हो जाती है और ऐसी स्थिति में अमेरिका में रह रहा भारतीय यदि अपने परिवार को 1000 अमेरिकी डॉलर की राशि का विप्रेषण करता है तो उसके भारतीय परिवार को रुपए 75000 के स्थान पर रुपए 82000 प्राप्त होंगे। इस प्रकार रुपए के अवमूल्यन की स्थिति में भारतीय परिवार को अधिक राशि प्राप्त होती है।

भारत को यदि विदेशों में रह रहे भारतीयों द्वारा विप्रेषण के माध्यम से अधिक राशि भेजी जा रही है तो इससे भारत की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत हो रही है क्योंकि इससे भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार लगातार बढ़ रहा है जो कि भारतीय रुपए को अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता प्रदान करने में मददगार साबित हो रहा है एवं भारत में अर्थव्यवस्था को गति एवं मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। साथ ही इससे भारत में नया निवेश बढ़ रहा है एवं जिससे यहां रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। इस प्रकार भारत से बाहर रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा भी भारत के आर्थिक विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया जा रहा है। भारत में लगातार तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के चलते भी भारतीयों का अन्य देशों विशेष रूप से विकसित देशों की ओर रुझान अपने व्यवसाय को विदेशों में विस्तार देने उच्च शिक्षा प्राप्त करने विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उच्च पदों पर रोजगार प्राप्त करने एवं परिवार सहित विदेशों में घूमने जाने के उद्देश्य से लगातार बढ़ता जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़े सचमुच में चौंकाते हैं। आज लाखों भारतीय विदेशों में उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल युक्त क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने एवं अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से विकसित देशों की ओर रूख कर रहे हैं क्योंकि इन देशों में इन भारतीयों को तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक वेतन प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में 2525328 भारतीय वर्ष 2020 में 715733 भारतीय; वर्ष 2021 में 833880 भारतीय; वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) 2143873 भारतीय रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत से बाहर अर्थात विदेशों में चले गए हैं। साथ ही वर्ष 2019 में 1467537 भारतीय; वर्ष 2020 में 265433 भारतीय; वर्ष 2021 में 126611 भारतीय एवं वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) 464275 भारतीय अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने अथवा अपने वर्तमान व्यवसाय को विस्तार देने के उद्देश्य से विकसित देशों में चले गए हैं।

जहां पिछले कुछ वर्षों तक अधिकतम भारतीय ब्लू कॉलर रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से यूनाइटेड अरब अमीरात की ओर जाते थे वहीं अब सबसे अधिक भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य सेवा एवं साइंस जैसे उच्च कौशल के क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की ओर जा रहे हैं। वर्ष 2020 में ओईसीडी (ऑर्गनायजेशन फोर इकोनोमिक कोआपरेशन एवं डेवलपमेंट) ने एक प्रतिवेदन जारी कर बताया था कि ओईसीडी समूह के सदस्य देशों में उच्च कुशलता प्राप्त भारतीयों की संख्या इन देशों में आज सबसे अधिक है एवं आज इन देशों में 30 लाख से अधिक भारतीय मूल के नागरिक कार्य कर रहे हैं। ओईसीडी समूह में आज अमेरिका इंग्लैंड आस्ट्रेलिया कनाडा फ्रान्स जर्मनी नीदरलैण्ड सहित 38 विकसित देश शामिल हैं।

प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से भी विकसित देशों में जा रहे हैं। वर्ष 2019 में 586329 भारतीय छात्र; वर्ष 2020 में 259644 भारतीय छात्र; वर्ष 2021 में 444574 भारतीय छात्र एवं वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) 648678 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से विकसित देशों में गए हैं।

देश में लगातार तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीयों की आर्थिक स्थिति में इतना अधिक सुधार हुआ है कि वे सपरिवार कई विकसित देशों की पर्यटन की दृष्टि से यात्रा पर जाने लगे हैं। वर्ष 2019 में 25271965 भारतीयों ने अन्य देशों की यात्रा की है कोरोना महामारी के चलते यह संख्या वर्ष 2020 में 6625080 एवं वर्ष 2021 में 7724864 पर आकर कम हो गई थी परंतु वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) पुनः तेजी से बढ़कर 18312602 हो गई है।

## चिंतन-मनन

# बद्ध होने का परिणाम

प्रकृति द्वारा बद्ध किए गए जीव कई प्रकार के होते है। कोई सुखी है और कोई अत्यंत कर्मठ है तो दूसरा असहाय है। इस प्रकार के मनोभाव ही प्रकृति में जीव की बद्धावस्था के कारणस्वरूप हैं। भगवद्गीता के इस अध्याय में इसका वर्णन हुआ है कि वे किस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार से बद्ध है। सर्वप्रथम सतोगुण पर विचार किया गया है। इस जगत में सतोगुण विकसित करने का लाभ यह होता है कि मनुष्य अन्य बद्धजीवों की तुलना में अधिक चतुर हो जाता है। सतोगुणी पुरुष को भौतिक कष्ट उतना पीड़ित नहीं करते और उसमें भौतिक ज्ञान की प्रगति करने की सूझ होती है। इसका प्रतिनिधि ब्राह्मण है जो सतोगुणी माना जाता है। सुख का यह भाव इस विचार के कारण है कि सतोगुण में पापकर्मो से प्राय- मुक्त रहा जाता है। वास्तव में वैदिक साहित्य में यह कहा गया है कि सतोगुण का अर्थ ही है अधिक ज्ञान तथा सुख का अधिकाधिक अनुभव। सारी कठिनाई यह है कि जब मनुष्य सतोगुण में स्थित होता है तो उसे ऐसा अनुभव होता है कि वह ज्ञान में आगे है और अन्यों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। इस प्रकार वह बद्ध हो जाता है। इसके उदाहरण वैज्ञानिक तथा दार्शनिक हैं। इनमें से प्रत्येक को अपने ज्ञान का गर्व रहता है और चूंकि वे अपने रहन-सहन को सुधार लेते है अतएव उन्हें भौतिक सुख की अनुभूति होती है। बद्ध जीवन में अधिक सुख का यह भाव उन्हें भौतिक प्रकृति के गुणों से बांध देता है। अतएव वे सतोगुण में रहकर कर्म करने के प्रति आकृष्ट होते हैं। और जब तक इस प्रकार कर्म करते रहने का आकर्षण बना रहता है तब तक उन्हें किसी न किसी प्रकार का शरीर धारण करना होता है। इस प्रकार उनकी मुक्ति की कोई सम्भावना नहीं रह जाती। वे बारम्बार दार्शनिक वैज्ञानिक या कवि बनते रहते हैं और बारम्बार जन्म-मृत्यु के उन्हीं दोषों में बंधते रहते हैं। लेकिन माया-मोह के कारण वे सोचते हैं कि इस प्रकार का जीवन आनंदप्रद है।



## रुपया तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपये में बढ़त आई है। इसी के साथ ही रुपया अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 82.80 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये में ये तेजी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने और डॉलर के कमजोर होने से आई हैं। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.84 के स्तर पर खुला और कारोबार के अंत में यह सात पैसे की बढ़त के साथ ही 82.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.80 के उच्चस्तर और 82.93 के निचले स्तर तक पहुंचा। वहीं गत कारोबारी सत्र में रुपया 82.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से आज अधिकांश समय रुपये पर दबाव दिखा। पिछले नौ में से सात सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) आज शुद्ध बिकवाल बने रहे। इस दौरान उन्होंने करीब 5030 करोड़ रुपए निकाले। इस बीच विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की कमजोरी या मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी बढ़कर 104.29 पहुंच गया।

## इनपुट टैक्स क्रेडिट के नियम बदले जीएसटी टैक्सपेयर्स होंगे प्रभावित

**मुंबई ।** केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े एक नियम में कुछ पे रिवर्तन किया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस नियम के बारे में बताया गया है। नए नियम के मुताबिक आपूर्तिकर्ता की तरफ से 30 सितंबर तक देय टैक्स जमा करना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं होता है तो जीएसटी टैक्सपेयर्स को पिछले वित्त वर्ष में किए गए अपने इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे को 30 नवंबर तक वापस करना होगा। हालांकि टैक्सपेयर बाद में आपूर्तिकर्ता की तरफ से टैक्स जमा कर दिए जाने पर दोबारा आईटीसी का दावा कर सकते हैं। इस नए प्रावधान को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) नियम की धारा 37ए में बदलाव किए गए हैं। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के एक अे धिकारी ने बताया कि इस बदलाव से केवल चुनिंदा मामलों में ही फायदा होगा। पहली बात कि यह एक संभावित परिवर्तन है जिससे वित्त वर्ष 2021-22 तक कोई लाभ नहीं मिल पाएगा। दूसरी बहुत कम मामले ही इन नियमों में निर्धारित शर्तों को पूरा कर पाएंगे। वहीं इस बदलाव पर ईवी के एक कर साझेदार ने कहा कि जीएसटीआर-1 में विक्रेता की तरफ से कई खरीदारों को की गई आपूर्ति का ब्योरा रहेगा लेकिन खरीदार के लिए यह सुनिश्चित कर पाना खासा मुश्किल होगा कि विक्रेता ने टैक्स जमा किया है या नहीं।

## जम्मू-कश्मीर सरकार औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती करेगी

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर सरकार कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 625 हेक्टेयर भूमि पर औषधीय और सुगंधित पौधे (एमएपी) की खेती करने पर विचार कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि इससे 750 करोड़ रुपए मूल्य का उत्पादन होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह अर्थव्यवस्था समानता और पारिस्थितिकी के सिद्धांतों पर आधारित 5013 करोड़ रुपए की लागत वाली 29 परियोजनाओं में से एक है। कृषि उत्पादन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती में एक नई सुबह होने जा रही है। एमएपी की खेती के तहत 5000 कनाल (625 हेक्टेयर) भूमि को लाया जाएगा। इस परियोजना की उत्पादन क्षमता 750 करोड़ रुपए की है। जम्मू-कश्मीर में हिमालय के पास औषधीय और सुगंधित गुण वाले लगभग 1123 पौधों की प्रजातियों की अपार संपदा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक हर्बल व्यापार लगभग 120 अरब डॉलर का है और वर्ष 2050 तक इसके 7000 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा` कि जम्मू-कश्मीर से वर्तमान एमएपी उत्पादन केवल 2 लाख रुपए का है क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत कम खेती की जा रही है।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से भी आई है। आज सुबह से ही बाजार में गिरावट रही जिसे शेयर लाल निशान पर नजर आये। इसके बाद दिन-भर उतार-चढ़ाव जारी रहा पर अंत में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 17 अंक करीब 0.028 फीसदी नीचे आकर 60910.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 9.80 अंक या 0.054 फीसदी की गिरावट के साथ ही 18136.35 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्सों में तेजी से बाजार को सहारा मिला यह दोनो ही बढ़त के साथ बंद हुए। इससे निवेशकों की संपत्ति आज करीब 57 हजार करोड़ रुपये तक ऊपर आयी और कंपनियों का बाजार पूंजीकरण भी बढ़कर 280.99 लाख करोड़ रुपये हो गया सेंसेक्स के 30 में से 14 शेयर आज बढ़त के साथ बंद हुए। जिन 5 शेयरों में आज सबसे अधिक बढ़त दर्ज की गई उनमें टाइटन महिंद्रा एंड महिंद्रा मारुति सुजुकी पावर ग्रिड और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। ये सभी शेयर आज 0.64 फीसदी से लेकर 2.74 फीसदी तक की तेजी के साथ बंद हुए हैं। वहीं सेंसेक्स के कुल 16 शेयर आज गिरावट पर बंद हुए हैं। इसमें भी भारती एयरटेल में 1.44 फीसदी की सबसे अधिक गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक बजाज फिनसर्व टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट भी आज 0.87 फीसदी से लेकर 1.10 फीसदी फिसलकर बंद हुए। इससे पहले गत दिवस बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था।

## शिनच्यांग का कपास उत्पादन चीन के कुल उत्पादन का 90.2 फीसदी

**बीजिंग।**

27 दिसंबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के शिनच्यांग जांच जनरल दल से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष शिनच्यांग का कपास उत्पादन 53.91 लाख टन है, जो वर्ष 2021 की तुलना में 2.62 लाख टन अधिक है। शिनच्यांग का कपास उत्पादन चीन के कुल कपास उत्पादन का 90.2 प्रतिशत है, जो एक नया रिकॉर्ड है। शिनच्यांग का कुल कपास उत्पादन, प्रति यूनिट उपज, रोपण क्षेत्रफल और कमोडिटी आवंटन लगातार 28 वर्षों से देश में पहले स्थान पर है।शिनच्यांग उईगुर स्वायत्त प्रदेश के कृषि विभाग के मुताबिक, इधर के सालों में शिनच्यांग में कपास उत्पादन बड़े पैमाने पर रोपण के अनुपात में वृद्धि और गहनता के स्तर में वृद्धि वाली विकास प्रवृत्ति को दर्शाता है। प्रति इकाई क्षेत्रफल में कपास की उपज में लगातार वृद्धि हो रही है। इस समय शिनच्यांग चीन का सबसे बड़ा और दुनिया का महत्वपूर्ण कपास उत्पादक क्षेत्र है। शिनच्यांग के कपास उत्पादन में दुनिया के कपास उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा है और शिनच्यांग उईगुर स्वायत्त प्रदेश में लगभग आधे किसान कपास उत्पादन में लगे हुए हैं।

## देश की जीडीपी में यूट्यूबर्स ने दिया 10000 करोड़ का योगदान




**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब की वजह से देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 10000 करोड़ रुपए का योगदान आया है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के विश्लेषण पर आधारित यूट्यूब प्रभाव रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 4500 से अधिक यूट्यूब चैनलों के पास अपने-अपने 10 लाख से अधिक सब्सक्राइबर थे। बता दें कि ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स ने यूट्यूब के प्रभाव का आकलन करने के लिए 4021 यूट्यूब यूजर्स 5633 क्रिएटर्स और 523 व्यवसायों का सर्वेक्षण किया। भारत में एक लाख रुपए से अधिक का सालाना राजस्व कमा रहे चैनलों की संख्या सालाना आधार पर वर्ष 2021 में 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। यूट्यूब के क्रिएटिव इकोसिस्टम ने वर्ष 2021 में देश की जीडीपी में 10000 करोड़ रुपए से अधिक का योगदान दिया और भारतीय अर्थव्यवस्था में 750000 से अधिक पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर आय के स्रोत उपलब्ध कराए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से अपना आर्थिक प्रभाव दिखाया। इसके अलावा भी यूट्यूब ने कई गतिविधियों को प्रेरित और समर्थन किया जिसका असर भी आर्थिक रूप से दिखा.यूट्यूब ने एक ब्लॉग में कहा कि उसके प्लेटफॉर्म पर 2021 में केवल हेल्थ संबंधी वीडियो की 30 अरब से अधिक से ज्यादा बार देखा गया है।

# देश के आठ प्रमुख शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़ी: रिपोर्ट

**- इस साल अब तक आवास बिक्री बढ़कर 308940 इकाई हुई 2021 में 205940 इकाइयां बिकीं थीं**

**नई दिल्ली ।** देश के आठ प्रमुख शहरों में अक्टूबर से दिसंबर की अवधि के दौरान आवास बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़कर 80770 इकाई रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले वर्ष की समान तिमाही में 67890 आवासीय इकाइयां बिकी थीं। एक आवास ब्रोकरेज कंपनी ने अपनी रियल स्टेट इनसाइट रिपोर्ट में बताया कि देश के आठ प्रमुख शहरों में इस साल अब तक आवास बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 308940 इकाई पर पहुंच गई। 2021 में 205940 इकाइयां बिकीं थीं। हाउसिंग डॉट कॉम के समूह एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा आवास ऋण की ब्याज दरों में निरंतर वृद्धि के बावजूद ग्राहक ब्याज दरों को लेकर परेशान होने के बजाए कम दाम पर सौदा तय कर लेना चाहते हैं। आंकड़ों के मुताबिक अहमदाबाद में आवास बिक्री पिछले वर्ष अक्टूबर-दिसंबर की 5420 इकाई की तुलना में इस वर्ष 23 फीसदी बढ़कर 6640 इकाई हो गई। पिछले वर्ष कुल 16880 इकाई बिकीं थीं जो 2022 में 62 फीसदी बढ़कर 27310 इकाई हो गईं। बेंगलुरु में यह 30 फीसदी की गिरावट के साथ 6560 इकाई रही जो पिछले वर्ष अक्टूबर से दिसंबर के बीच 9420 इकाई थी। हालांकि यहां सालाना आधार पर बिक्री 22 फीसदी बढ़कर 30470 इकाई रही है जो 2021 में 24980 इकाई थी। चेन्नई में समीक्षाधीन तिमाही में आवास बिक्री दो फीसदी गिरकर 3160 इकाई रही जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 3210 इकाई थी।

हालांकि पूरे साल में आवास बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी है और 2022 में 14100 इकाई बिकी हैं जबकि 2021 में 13050 इकाई बिकी थीं। दिल्ली-एनसीआर में भी अक्टूबर-दिसंबर 2022 में बिक्री तीन प्रतिशत कम होकर 4280 इकाई रही। 2021 की समान तिमाही में यह 4430 इकाई थी। यहां भी आवास बिक्री पिछले साल की 17910 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 2022 में 19240 इकाई रही। हैदराबाद में आवास बिक्री समीक्षाधीन तिमाही में दोगुना से अधिक बढ़कर 10330 इकाई रही है जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 4280 इकाई थी। वहीं पिछले वर्ष कुल 22240 इकाइयां यहां बिकी थीं जो 2022 में 59 फीसदी बढ़कर 35370 इकाई हो गईं। कोलकाता में आवास बिक्री अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 18 फीसदी गिरकर 2130 इकाई रही जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 2610 इकाई थी। हालांकि इस वर्ष यहां मांग आठ प्रतिशत बढ़कर 10740 इकाई रही है जो 2021 में 9900 इकाई थी। मुंबई महानगर क्षेत्र में आवास बिक्री समीक्षाधीन तिमाही में 40 प्रतिशत बढ़कर 31370 इकाई रही जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 22440 इकाई थी। वहीं 2022 में कुल बिक्री 87 फीसदी बढ़कर 109680 इकाई रही है जो 2021 में 58560 इकाई थी। समीक्षाधीन तिमाही में पुणे में आवास बिक्री एक प्रतिशत बढ़कर 16300 इकाई रही पिछले वर्ष यह 16080 इकाई थी। यहां 2022 में कुल बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 62030 इकाई रही है जो 2021 में 42420 इकाई थी।

# इस साल तेजी से बढ़े बैंकिंग फ्रॉड के मामले: रिपोर्ट

**- पिछले वित्त वर्ष में 60389 करोड़ की धोखाधड़ी से जुड़े 9102 मामले सामने आए**

**मुंबई ।**

कोरोना के बाद से देश में जैसे-जैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन में बढ़ोतरी होती जा रही है। उतनी ही तेजी से बैंकिंग फ्रॉड के मामलों में भी तेजी आई है। आरबीआई और सरकार की कोशिशों के बाद भी 2022 का साल भी बैंकिंग फ्रॉड के नाम रहा। रिजर्व बैंक ने 2022 में बैंकिंग धोखाधड़ी को लेकर एक रिपोर्ट कार्ड पेश की है। आरबीआई की इस ताजा रिपोर्ट में बैंक फ्रॉड को लेकर कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई लेकिन इन मामलों में शामिल राशि एक साल पहले की तुलना में आधी से भी कम रह गई। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत में बैंकों का रुझान एवं प्रगति शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में 60389 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़े 9102 मामले सामने आए। वित्त वर्ष 2020-21 में ऐसे मामलों की संख्या 7358 थी और इनमें 1.37 लाख करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। हालांकि उधारी गतिविधियों में धोखाधड़ी के मामलों में गिरावट का रुख देखा गया। पिछले वित्त वर्ष में ऐसे मामले घटकर 1112 रह गए जिनमें 6042 करोड़ रुपए की राशि शामिल थी। वित्त वर्ष 2020-21 में धोखाधड़ी के 1477 मामलों में 14973 करोड़ रुपए संलिप्त थे।




रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक धोखाधड़ी की संख्या के संदर्भ में अब कार्ड या इंटरनेट से होने वाले लेनदेन पर ज्यादा जोर है। इसके अलावा नकदी में होने वाली धोखाधड़ी भी बढ़ रही है। इनमें एक लाख रुपए या अधिक राशि वाले धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने कहा कि जमा बीमा एवं क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) ने पिछले वित्त वर्ष में 8516.6 करोड़ रुपए के दावों का निपटान किया। इसमें एक बड़ा हिस्सा अब बंद हो चुके पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक के ग्राहकों का था।

## कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष में 70 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य: अग्रवाल

**नई दिल्ली ।** कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल का मानना है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष के लिए 70 करोड़ टन के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। अग्रवाल के हवाले से एक बयान में यह कहा गया` कि मुझे भरोसा है कि कोल इंडिया चालू वित्त वर्ष में 70 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। उन्होंने कोल इंडिया की इकाई एमसीएल की टीम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कोयला उत्पादन 15.9 प्रतिशत अधिक रहने पर कर्मचारियों को बधाई दी। यह करीब 1.9 करोड़ टन रहा। आने वाले दिनों में ऊर्जा मांग बढ़ने के बारे में उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी एमसीएल से कोयले की मांग बढ़ेगी। ऊर्जा क्षेत्र को प्रतिदिन 435000 टन कोयला की सफलतापूर्वक आपूर्ति कर रही एमसीएल को अपना योगदान बढ़ाना होगा।



# गेहूं की कीमत कम होने की संभावना

**- एफसीआई के स्टॉक से खुले बाजार में 15-20 लाख टन गेहूं बेचने की तैयारी**

**नई दिल्ली ।**



देश में गेहूं की कीमत काबू करने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत एफसीआई के स्टॉक से खुले बाजार में 15-20 लाख टन गेहूं बेचने की तैयारी है। इससे गेहूं की कीमत में कमी आने की संभावना है। खुली बाजार बिक्री योजना के तहत आटा मिलों जैसे थोक उपभोक्ताओं के लिए यह गेहूं निकाला जाएगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 27 दिसंबर को गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 32.25 रुपए प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले की अवधि में 28.53 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक है। गेहूं के आटे की कीमत भी एक साल पहले के 31.74 रुपए प्रति किलोग्राम की तुलना में 37.25 रुपए प्रति किलोग्राम पर बनी रही। ओएमएसएस नीति के तहत सरकार समय-समय पर थोक उपभोक्ताओं और निजी व्यापारियों को खुले बाजार में पूर्व-निर्धारित कीमतों पर खाद्यान्न विशेष रूप से गेहूं और चावल बेचने के लिए सरकारी उपक्रम भारतीय खाद्य निगम को अनुमति देती है। इसका उद्देश्य मौसमी मांग के आधार पर आपूर्ति को बढ़ावा देना और सामान्य खुले बाजार की कीमतों को कम करना है।

# क्रूड 84 डॉलर पार यूपी-बिहार में पेट्रोल-डीजल के भाव बदले

**- महानगरों में पेट्रोल-डीजल 6 अप्रैल के बाद से स्थिर**

**नई दिल्ली।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उछाल जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान क्रूड के भाव में फिर बढ़ोतरी हुई और यह 84 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इस बीच बुधवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। यूपी और बिहार के कई शहरों में तेल के भाव बदल गए हैं। हालांकि दिल्ले ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में आज भी पेट्रोल-डीजल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार पटना में पेट्रोल 64 पैसे सस्ता होकर 107.48 रुपए लीटर है जबकि डीजल 13 पैसे चढ़कर 95.54 रुपए लीटर पहुंच गया है। यूपी के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) जिले में पेट्रोल 34 पैसे महंगा हुआ और 96.92 रुपए लीटर है जबकि डीजल 33 पैसे महंगा होकर 90.08 रुपए लीटर मिल रहा है। गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे गिरकर 96.26 रुपए लीटर जबकि डीजल 30 पैसे गिरकर 89.45 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान इसकी कीमतों में फिर से तेजी दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 84.33 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई का भाव गिरकर 79.76 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर है।

## जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर फिर हुआ हैक : शोधकर्ता




**नई दिल्ली।**

एक साइबर-सुरक्षा शोधकर्ता ने दावा किया है कि जल शक्ति (जल संसाधन) मंत्रालय के ट्विटर हैंडल को बुधवार सुबह तड़के थोड़ी देर के लिए हैक कर लिया गया, जो बिटकॉइन और एथेरियम के लिए फेक टेस्ला और ट्विटर क्रिप्टोकरंसी घोटाले को बढ़ावा दे रहा था।यूएस स्थित साइबर सुरक्षा कंपनी टेनेबल के वरिष्ठ स्टाफ रिसर्च इंजीनियर सतनाम नारंग के अनुसार, वेरिफाइड सरकारी खाते की हैकिंग के अलावा, हैकर्स ने कई बॉट खातों से पोस्ट को रीट्वीट और लाइक कर घोटालों की पहुंच बढ़ा दी।

नारंग ने एक ट्वीट थ्रेड में पोस्ट किया, जल शक्ति मंत्रालय के ट्वीट से जुड़ी वेबसाइट बिटकॉइन (एटदरेट बीटीसी) और एथेरियम (एटदरेट ईटीएच) के लिए अलग-अलग पेजों के लिंक के साथ एटदरेट मीडियम लेआउट की नकल करते हुए एक स्टैंडर्ड क्रिप्टोकरंसी स्कैम पेज की ओर ले जाती है। जल शक्ति मंत्रालय को अभी उनके ट्वीट पर प्रतिक्रिया देनी थी। क्रिप्टो घोटाले वाले ट्वीट हटा दिए गए थे। मंत्रालय के खाते का कथित रूप से उल्लेखनीय क्रिप्टोकरेंसी प्रभावितों और कॉइनडेस्क जैसे समाचार आउटलेट्स को जवाब देने के लिए उपयोग किया गया था। जल शक्ति ट्विटर अकाउंट से पोस्ट की गई मस्क की तस्वीर के साथ संदेश में लिखा है, यह बहुत हद तक क्रिसमस जैसा लगता है। अच्छा समय आ गया है। टेस्ला ने 5.000 बीटीसी और 100.000 ईटीएच एयरड्रॉप की शुरुआत की! पहले आओ, पहले पाओ। नारंग ने एक अन्य ट्वीट में कहा, जल शक्ति खाते को एटदरेट कॉयनडेस्क जैसे क्रिप्टोकरेंसी प्रभावित करने वालों और समाचार आउटलेट्स के उल्लेख में देखा जा सकता है, जो दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन और एथेरियम के बारे में बात कर रहे हैं।

## डेटा सुरक्षा से लेकर संशोधित आईटी नियमों तक 2023 करेगा सुरक्षा कवच का इंतजार

**नई दिल्ली।**

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। स्थानीय नवाचार और प्रतिभा को बढ़ावा देते हुए बिग टेक को अपने बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए नियमों की आवश्यकता है। क्या 2023 में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा और क्रिप्टोकरेंसी पर कोई बिल आएगा?

लंबित बिलों के बीच इंटरनेट और सोशल मीडिया बिचौलियों से निपटने के लिए आईटी नियम, 2021 को संशोधित किया गया है ताकि भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए उनकी गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित अनुभव बनाया जा सके और आईटी मंत्रालय को अब ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित मामलों के लिए नोडल एजेंसी बना दिया गया है। सरकार ने अगस्त में विवादास्पद पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (पीडीपी) विधेयक को वापस ले लिया था, जिसमें पिछले तीन वर्षों में 81 संशोधन देखे गए, जिसका लक्ष्य एक नया विधेयक पेश करना है जो व्यापक कानूनी ढांचे में फिट बैठता है और अरबों नागरिकों के डेटा की सुरक्षा करता है। नया मसौदा कुछ उपयोगकर्ताओं के डेटा को कुछ अधिसूचित देशों और क्षेत्रों के साथ सीमा पार स्थानांतरित करने की अनुमति देगा। नए पीडीपी बिल में डेटा उल्लंघनों को रोकने में विफल रहने वाले लोगों और कंपनियों पर 250 करोड़ रुपये तक के कठोर दंड का भी प्रस्ताव है।


केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, पीडीपी बिल पर सार्वजनिक परामर्श की समय सीमा 2 जनवरी तक है।

क्रिप्टोकरेंसी पर, सरकार ने पिछले बजट में आभासी डिजिटल संपत्ति के हस्तांतरण से होने वाली किसी भी आय पर 30 प्रतिशत कर की घोषणा की थी, यह निर्दिष्ट करते हुए कि कोई कटौती और छूट की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेन-देन के विवरण को पकड़ने के लिए, केंद्र ने मौद्रिक सीमा से ऊपर के प्रतिफल के 1 प्रतिशत की दर से वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के हस्तांतरण के संबंध में किए गए भुगतान पर टीडीएस भी लगाया। उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि चूंकि टैक्सेशन का काम पूरा हो गया है, आगामी केंद्रीय बजट डिजिटल वॉलेट कंपनियों के लिए एक नियामक ढांचा तैयार करेगा। भारत में वर्तमान में लगभग 15 मिलियन क्रिप्टोकरेंसी उपयोगकर्ता हैं।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मेसी ने धोनी की बेटी जीवा को उपहार में भेजी अर्जेंटीना की जर्सी



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की बेटी जीवा धोनी को एक अनूठा उपहार मिला है। जीवा को अर्जेंटीना की विश्वकप विजेता फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने जर्सी भेजी है। जीवा सबसे कम उम्र की एकमात्र प्रशंसक हैं जिन्हें मेसी की जर्सी मिली है। मेसी ने जीवा को विशेष रूप से हस्ताक्षर वाली अर्जेंटीना की जर्सी भेजी है। मेसी ने इस जर्सी पर पैरा जीवा कहते हुए हस्ताक्षर किए जिसकी एक तस्वीर जीवा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी पोस्ट की गई। तस्वीर के साथ लिखा है- जैसा पिता वैसी बेटी। हाल में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने भी कहा था कि मेसी ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को अपने हस्ताक्षर वाली एक जर्सी भेजी थी। अब मेसी ने धोनी की बेटी के लिए एक और जर्सी भेजी है। ज़ीवा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मेसी द्वारा उपहार में दी गई जर्सी की तस्वीर साझा की है। मेसी के भारत में भी भारी तादाद में प्रशंसक हैं। वहीं धोनी भी फुटबॉल के बड़े प्रशंसक रहे हैं और उन्होंने कई साल पहले मेसी के बारे में ट्वीट तक किया था। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा धोनी अभी नए साल की छुट्टी मनाने के लिए दुबई गए हैं।

# रेणुका ठाकुर, यास्तिका भाटिया आईसीसी महिला एमजिंर्ग क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित



**नई दिल्ली।**

दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और बाएं हाथ की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की भारतीय जोड़ी को बुधवार को आईसीसी महिला एमजिंर्ग क्रिकेटर आफ द ईयर 2022 पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इन दोनों के अलावा इंग्लैंड की हरफनमौला खिलाड़ी एलिस कैप्सी और आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को भी नामांकित किया गया है। रेणुका ने अपने देश के लिए 2022 में सफेद गेंद के दो प्रारूपों में सिर्फ 29 मैचों में 40 विकेट हासिल किये, जिससे महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की कमी पूरी हुई। गेंद को स्विंग कराने की सक्षमता के साथ रेणुका आने वाले वर्षों में भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाजों में से एक होंगी। वनडे मैचों में, रेणुका ने 14.88 की औसत से 18 विकेट लिए, जिनमें से आठ इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों में और सात श्रीलंका के खिलाफ भारत की श्रृंखला में आए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया के खिलाफ आया, 16 डॉट गेंदों के साथ 4/18 लेते हुए उन्होंने 34/4 विकेट हासिल किए। वह साल भर में सात टी20 मैचों में आस्ट्रेलियाई लाइन-अप के लिए खतरनाक गेंदबाज साबित हुई, जिसमें आठ विकेट लिए थे, और राष्ट्रमंडल खेलों और महिला एशिया कप में उनके प्रदर्शन से पता चलता है कि वह टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। अब तक उन्होंने 11 मैचों में केवल 5.21 की इकॉनोमी रेट से 17 विकेट लिए हैं। 50 ओवर के मैच में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली यास्तिका ने कई मजबूत प्रदर्शनों के साथ पूरे 2022 में भारत के मध्य क्रम के लिए मंच तैयार किया। टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ मजबूत अर्धशतक से पहले, उन्होंने क्रिकेट विश्व कप में 41 और 31 के स्कोर बनाए। यास्तिका ने होव में इंग्लैंड के खिलाफ भारत उनके घरेलू सरजमीं में 3-0 की एकदिवसीय श्रृंखला में एक और अर्धशतक बनाया, और निस्संदेह आने वाले वर्षों में भारत की टीम में एक नाम बना रहेगा। वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ईडन पार्क में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिताली राज के साथ 130 रन की साझेदारी के माध्यम से आया। उस मैच में, उन्होंने एक मजबूत पारी में छह चौके लगाए, और मैच के 32वें ओवर में टीम को 158/3 तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने 277 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें यास्तिका अपनी कप्तान मिताली की पारी के बाद दूसरी शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका ने होव में इंग्लैंड के खिलाफ भारत उनके घरेलू सरजमीं में 3-0 की एकदिवसीय श्रृंखला में एक और अर्धशतक बनाया, और निस्संदेह आने वाले वर्षों में भारत की टीम में एक नाम बना रहेगा। वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ईडन पार्क में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिताली राज के साथ 130 रन की साझेदारी के माध्यम से आया।

# दासुन शनाका को भारत दौरे के लिए श्रीलंका टी20 टीम का कप्तान बनाया गया

**नई दिल्ली।**

श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति ने तीन जनवरी से शुरू हो रहे भारत दौरे के लिए बुधवार को आलराउंडर दासुन शनाका की कप्तानी वाली 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। बल्लेबाज कुसल मेंडिस और लेग स्पिन आलराउंडर वानिंदु हसरंगा को क्रमशः वनडे और टी20 टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका ने दाएं हाथ के अनकैप्ड बल्लेबाज नुवानिडू फर्नांडो को वनडे टीम में शामिल किया है, जिन्होंने 2022 लंका प्रीमियर लीग की आठ पारियों में 211 रन बनाए थे, जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे को केवल टी20 के लिए शामिल किया गया है। अविष्का फर्नांडो, जो 2022 लंका प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और फाइनल में प्लेयर आफ द मैच थे, चोट के कारण बाहर होने के बाद टीम में वापस आ गए हैं। सदीरा समरविक्रमा, जो प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और प्लेयर आफ द टूर्नामेंट थे, उनको भी टीम में चुना गया है। पेस आलराउंडर चामिका करुणारत्ने दोनों टीमों में शामिल हैं। दाएं हाथ



के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा श्रीलंका प्रीमियर लीग में 14 विकेट लेने के बाद टी20 के लिए चुने गए हैं , जो प्रतियोगिता में किसी श्रीलंकाई गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक विकेट है। श्रीलंका भारत के खिलाफ तीन टी20 मैच मुंबई (3 जनवरी), पुणे (5 जनवरी) और राजकोट (7 जनवरी) में खेलेगा। इसके बाद तीन वनडे गुवाहाटी (10 जनवरी), कोलकाता (12 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (15 जनवरी) में खेले जाएंगे। पेस आलराउंडर चामिका करुणारत्ने दोनों टीमों में शामिल हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा श्रीलंका प्रीमियर लीग में 14 विकेट लेने के बाद टी20 के लिए चुने गए हैं , जो प्रतियोगिता में किसी श्रीलंकाई गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक विकेट है।

## ऑस्ट्रेलिया में यूनाइटेड कप में मजबूत शुरूआत करना नडाल का लक्ष्य

**सिडनी।** वर्ल्ड नंबर 2 राफेल नडाल सीजन को शुरू करने के लिए बेताब हैं क्योंकि वह गुरुवार से यहां शुरू होने वाले यूनाइटेड कप में टीम स्पेन की खिताबी जीत की तैयारी कर रहे हैं 36 वर्षीय नडाल, ब्रिसबेन, पर्थ और सिडनी में 29 दिसंबर से 8 जनवरी तक आयोजित होने वाले 18-देशों के मिश्रित टीमों के आयोजन में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नडाल ने बुधवार को कहा, हमेशा सीजन की शुरूआत रोमांचक होती है। हर किसी के लिए (यह) एक नई बात है। सभी को संदेह है कि चीजें कैसे चल रही हैं। यहां तक कि अगर मुझे नहीं पता कि मैं दौरे पर कैसा प्रदर्शन करूंगा, क्योंकि शुरूआत हमेशा अलग होती हैं। उन्होंने कहा, मेरे पास अच्छी शुरूआत करने के लिए सबसे अधिक प्रेरणा है। आत्मविश्वास के लिए मेरे लिए हमेशा अच्छी शुरूआत करना महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ महीने मेरे लिए आसान नहीं रहे हैं। मैं टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यहां सही अभ्यास करने की कोशिश करता हूं। फिर बेशक, टीम की मदद करने की कोशिश करें। मेरे लिए अब मुख्य बात प्रतिस्पर्धी होने के नाते कोर्ट पर सकारात्मक भावनाओं को ठीक करना है। मुझे उम्मीद है कि मैं ऐसा करने के लिए तैयार हूं। नडाल ने 2022 में एक और ऐतिहासिक सीजन का आनंद लिया, चार टूर-स्तरीय खिताब जीते। 36 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी ने वर्ष में 39-8 रिकॉर्ड अर्जित किया। उन्होंने 12 महीने पहले आस्ट्रेलियाई धरती पर सफलता का स्वाद चखा, मेलबर्न में एटीपी 250 का खिताब जीतकर अपना दूसरा आस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कहा, मेरे पास अच्छी शुरूआत करने के लिए सबसे अधिक प्रेरणा है। आत्मविश्वास के लिए मेरे लिए हमेशा अच्छी शुरूआत करना महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ महीने मेरे लिए आसान नहीं रहे हैं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: अश्विन, अय्यर ने लंगाई छलांग

**दुबई,**

भारत को हाल ही में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतने में मदद करने के बाद आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से चौथे स्थान के गेंदबाज बन गए, जबकि श्रेयस अय्यर ने बुधवार को ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 16वां स्थान प्राप्त किया। अश्विन दूसरे मैच में छह विकेट लेकर गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 42 रन की महत्वपूर्ण पारी के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर 84वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की और भारत को महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक दिलाए।

अनुभवी स्पिनर ने आलराउंडरों की रैंकिंग में सात रेटिंग अंक भी अर्जित किए हैं, जिसमें उनके हमवतन रवींद्र जडेजा सबसे आगे हैं। जडेजा के फिलहाल 369 रेटिंग अंक हैं, जबकि अश्विन के 343 अंक हैं। दूसरी ओर अश्विन के साथ 71 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाने वाले अय्यर ने करियर का सर्वश्रेष्ठ 16वां स्थान हासिल किया है। अय्यर के 87 और नाबाद 29 रन के स्कोर ने उन्हें 26वें स्थान से आगे बढ़ने में मदद की है, जो रैंकिंग में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ था। ऋषभ पंत पहली पारी में 93 रन के अपने स्कोर से तीन रेटिंग अंक हासिल करके छठे स्थान पर शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि तेज गेंदबाज उमेश यादव मैच में पांच विकेट लेकर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास ने 25 और 73 के स्कोर के बाद करियर का सर्वश्रेष्ठ 12वां स्थान हासिल किया है, जबकि मोमिनुल हक (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 68वें), जाकिर हसन (सात स्थान के फायदे के साथ संयुक्त 70वें स्थान पर) और नुरुल हसन (पांच स्थान के फायदे से संयुक्त 93वें) ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। स्पिनर तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज दो-दो स्थान के फायदे से



क्रमशः 28वें और 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान शाकिब अल हसन को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह 32वें स्थान पर हैं। इस बीच, बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास ने 25 और 73 के स्कोर के बाद करियर का सर्वश्रेष्ठ 12वां स्थान हासिल किया है, जबकि मोमिनुल हक (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 68वें), जाकिर हसन (सात स्थान के फायदे के साथ संयुक्त 70वें स्थान पर) और नुरुल हसन (पांच स्थान के फायदे से संयुक्त 93वें) ने भी रैंकिंग में सुधार किया है।

## संक्षिप्त समाचार



## 2022 में चीनी खिलाड़ियों ने 93 विश्व चैंपियनशिप जीतीं और 11 विश्व रिकॉर्ड बनाए

**बीजिंग।**

चीनी खेल के सामान्य प्रशासन ने 27 दिसंबर को 2022 चीनी खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार चीनी खिलाड़ियों ने कुल 21 इवेंट में 93 विश्व चैंपियनशिप जीतीं और 11 विश्व रिकॉर्ड बनाए। 2022 में चीनी खिलाड़ियों ने एकजुटता, सहयोग और कड़ी मेहनत की भावना के साथ पेइचिंग शीतकालीन ओलंपिक जैसी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार खेल प्रदर्शन और आध्यात्मिक सभ्यता हासिल की और मातृभूमि व जनता के लिए सम्मान जीता। 2022 में चीनी खिलाड़ियों ने 21 इवेंट में कुल 93 विश्व चैंपियनशिप जीतीं, जिनमें 1 स्पीड स्केटिंग, 2 शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, 1 फिगर स्केटिंग, 4 फ्रीस्टाइल स्कीइंग, 1 स्नोबोर्डिंग, और 12 निशानेबाजी, 1 रोइंग, 1 कैनो स्प्रिंट, 19 भारोत्तोलन, 2 टाईकुआंडो, 4 ट्रैक और फील्ड, 1 तैराकी, 21 डाइविंग, 4 कलात्मक तैराकी, 3 जिम्नास्टिक, 1 ट्रैम्पोलिन, 2 टेबल टेनिस, 2 बैडमिंटन, 2 शतरंज,1 अंतर्राष्ट्रीय शतरंज, 8 फिनस्विमिंग शामिल हैं। उनमें से 51 ओलंपिक विश्व चैंपियनशिप, 42 गैर-ओलंपिक विश्व चैंपियशिप हैं। निशानेबाजी, भारोत्तोलन और तैराकी में 7 लोगों व 4 टीमों ने 11 बार 11 विश्व रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 4 लोगों व 1 टीम ने 5 बार ओलंपिक स्पर्धाओं में 5 विश्व रिकॉर्ड बनाए और 3 लोगों और 3 टीमों ने 6 बार गैर ओलिंपिक स्पधाओं में 6 विश्व रिकॉर्ड बनाए। नई चीन की स्थापना के बाद से चीनी खिलाड़ियों ने 3,748 विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, 1,374 बार विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। सुधार और खुलेपन के बाद से चीनी एथलीटों ने 3,724 विश्व चैंपियनशिप जीती हैं और 1,200 बार विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। 2022 में चीनी खिलाड़ियों ने 21 इवेंट में कुल 93 विश्व चैंपियनशिप जीतीं, जिनमें 1 स्पीड स्केटिंग, 2 शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, 1 फिगर स्केटिंग, 4 फ्रीस्टाइल स्कीइंग, 1 स्नोबोर्डिंग, और 12 निशानेबाजी, 1 रोइंग, 1 कैनो स्प्रिंट, 19 भारोत्तोलन, 2 टाईकुआंडो, 4 ट्रैक और फील्ड, 1 तैराकी, 21 डाइविंग, 4 कलात्मक तैराकी, 3 जिम्नास्टिक, 1 ट्रैम्पोलिन, 2 टेबल टेनिस, 2 बैडमिंटन, 2 शतरंज,1 अंतर्राष्ट्रीय शतरंज, 8 फिनस्विमिंग शामिल हैं। उनमें से 51 ओलंपिक विश्व चैंपियनशिप, 42 गैर-ओलंपिक विश्व चैंपियशिप हैं। निशानेबाजी, भारोत्तोलन और तैराकी में 7 लोगों व 4 टीमों ने 11 बार 11 विश्व रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 4 लोगों व 1 टीम ने 5 बार ओलंपिक स्पर्धाओं में 5 विश्व रिकॉर्ड बनाए और 3 लोगों और 3 टीमों ने 6 बार गैर ओलिंपिक स्पधाओं में 6 विश्व रिकॉर्ड बनाए।

# दूसरा टेस्ट, तीसरा दिन: कैरी के पहले शतक ने दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम रखा

**मेलबर्न।**

बाएं हाथ के बल्लेबाज एलेक्स कैरी (111) ने बुधवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका पर आस्ट्रेलिया के प्रभुत्व को आगे बढ़ाने के लिए अपना पहला टेस्ट शतक लगाया।

जब लगातार हल्की बारिश के बाद खेल को बंद कर दिया गया, तो दक्षिण अफ्रीका 15/1 पर था। कप्तान डीन एल्गर को तीसरी गेंद पर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका अभी भी आस्ट्रेलिया की बढ़त से 371 रन पीछे है। दिन का खेल शुरू होने पर तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिली क्योंकि हल्की बूंदाबांदी से पिच में नमी आ गई थी। इसका फायदा उठाते हुए, एनरिक नार्जे ने ट्रेविस हेड को अर्धशतक लगाने के बाद चलता किया। इसके बाद, दोहरा शतक जड़ने वाले डेविड वार्नर कल शाम को रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए और जल्द ही पवेलियन लौट गए। क्योंकि नॉर्जे ने उन्हें एक तेज लो-फुल टॉस दिया जो उनके पैड पर लगा और वह एलबीडब्ल्यू हो गए। जब कागिसो रबाडा ने पैट कमिंस को आउट किया, तो ऐसा लग रहा था कि मेहमान आस्ट्रेलियाई टीम की पहली पारी को जल्दी से खत्म कर देंगे। लेकिन, ऐसा नहीं था क्योंकि कैरी और नाथन लियोन की जोड़ी ने प्रभाव दिखाया। लियोन ने रबाडा पर एक चौका और फिर एक छक्का लगाकर एमसीजी में आए प्रशंसको को रोमांचित कर दिया और लुंगी एनगिडी ने उन्हें आउट करने से पहले आस्ट्रेलिया के लिए 17 गेंदों में 25 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने तब एक और रिटायर्ड चोटिल बल्लेबाज कैमरन ग्रीन को भेजा, उनकी उंगली में फ्रैक्चर होने के बावजूद 66 गेंदों में अपने अर्धशतक तक पहुंचे और आस्ट्रेलिया ने सत्र में 93 रन जोड़े और 300 की बढ़त ले ली। लंच के बाद, कप्तान एल्गर ने एक छोर से स्पिनर केशव महाराज से गेंदबाजी कराई, जबकि दूसरे छोर से अपनी किस्मत आजमाने के लिए कगिसो रबाडा को लगाया। लेकिन, कैरी को उनका सामना




करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। विकेट-कीपर ने रिवर्स-स्वेप्ट, पुल, अपर-कट खेला और अंततः उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। इसने उन्हें लीजेंड रॉड मार्श के बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट शतक बनाने वाला केवल दूसरा आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बना दिया। वह अंततः 111 रन पर मार्को जानसेन के हाथों आउट हो गए।

## कॉनवे ने तोड़ा रीड का रिकार्ड सबसे तेजी से 1000 रन बनाये

**कराची ।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट में 82 रनों की पारी के दौरान सबसे तेजी से अपने एक हजार रन पूरे किये। इसी साथ ही कॉनवे ने अपने ही देश के पूर्व खिलाड़ी जॉन रीड का रिकार्ड तोड़ दिया। कॉनवे ने 11 मैचों की 19 पारियों में 55.55 की औसत से 1000 रन बनाये हैं और वह सबसे तेजी से एक हजार टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी बने हैं। वहीं रीड ने 20 पारियों में 1000 रन पूरे किये थे। ऐसे में अब कॉनवे सबसे तेज एक हजार टेस्ट रन पूरे करने वाले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं। कॉनवे ने कराची में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि को हासिल किया। वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ी हर्बर्ट सटक्लिफ सबसे तेजी से टेस्ट में एक हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1925 में ऑस्ट्रेलियाके खिलाफ केवल 12 पारियों में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया था। कॉनवे ने पहली पारी में पाक के खिलाफ 156 गेंदों में 82 रन बनाये। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में तीन शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं और क्रिकेट के सबसे लम्बे प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन रहा है।

## रणजी ट्रॉफी : सूर्यकुमार ने सौराष्ट्र के खिलाफ शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को संभाला

**मुम्बई ।** मुम्बई के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में सौराष्ट्र के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 95 रन बनाये हालांकि वह शतक नहीं लगा पाये। यह दूसरी बार है जब सूर्यकुमार शतक नहीं लगा पाये हैं। इससे पहले वह हैदराबाद के खिलाफ भी 90 रन ही बना पाये थे। इस मैच में मुंबई की टीम ने पहली पारी में 6 रनों पर ही दो अहम विकेट खो दिये थे। पहला विकेट पृथ्वी शॉ 4 और दूसरा यशस्वी जायसवाल 2 का था। इसके बाद उतरे सूर्यकुमार ने जमकर रन बनाने के साथ ही पारी संभाली। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ 61 रन बनाये। यह साझेदारी रहाणे के आउट होने से टूट गयी। इसके बाद भी सूर्यकुमार जमे रहे। उन्होंने 95 रन बनाए जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल था। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 88 से उपर का था। उनकी इसी पारी की सहायता से मुंबई की टीम लंच तक 159/4 का स्कोर बनाने में सफल रही। इससे पहले सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 289 रन बनाए। इस दौरान वासवदा ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाये। वहीं मुंबई की ओरसे शम्स मुलानी ने 4 विकेट लिए। वहीं तुषार देशपांडे ने 36 और शशांक अतरदे ने 77 रन देकर 2-2 विकेट लिए। एक विकेट मोहित अवस्थी को मिला।



# अर्शदीप सिंह को 2022 के लिए आईसीसी एमजिंर्ग क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित किया गया

**नई दिल्ली,**

भारत के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बुधवार को आईसीसी मेन्स एमजिंर्ग क्रिकेटर आफ द ईयर 2022 पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को जानसेन, अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन को भी नामित किया गया है। अर्शदीप इस साल टी20 में भारत के लिए खोज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उन्होंने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में दस विकेट लेने के लिए शानदार गेंदबाजी की। इस साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टी20 डेब्यू के बाद से, उन्होंने 21 मैचों में 18.12 की औसत, 13.30 की स्ट्राइक रेट और 8.17 की इकॉनमी रेट से 33 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने नियंत्रण, डेथ ओवरों में शांत संयम और इच्छानुसार यॉर्कर फेंकने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। अर्शदीप को भारत के हालिया न्यूजीलैंड दौरे पर वनडे डेब्यू भी कराया गया था, और अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे टीम में 23 वर्षीय गेंदबाज को शामिल किया गया है जिससे उनका भविष्य उज्जवल दिखाई दे रहा है। 2022 का उनका यादगार प्रदर्शन टी20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच में आया और 90,000 से अधिक लोगों के सामने अर्शदीप बड़े मंच पर खुद को साबित करने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान की तेजतर्रार सलामी जोड़ी को पहले छह ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने अपने अगले ओवर की समाप्ति पर मोहम्मद रिजवान का विकेट लेने से पहले बाबर आजम को अपनी पहली ही गेंद पर आउट कर पवेलियन भेज दिया था। इसके बाद उन्होंने आसिफ



अली को चलता कर अपने चार ओवरों में 3/32 विकेट लिए थे।

## इस साल कंपाउंड तीरंदाजों के अलावा अन्य ने निराश किया

**कोलकाता ।** भारतीय तीरंदाजों के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा। टीम को ओलंपिक में पदक नहीं मिला। वहीं बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी को बाहर रखा गया। ऐसे में तीरंदाजों को पदक जीतने के अवसर नहीं मिले हालांकि हालांकि कंपाउंड तीरंदाजों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। अभिषेक वर्मा ने विश्व कप के पहले तीन चरण में भारत को टीम वर्ग में मिले तीन स्वर्ण पदकों में अहम भूमिका निभाई । मिश्रित टीम में उन्होंने ज्योति सुरेखा



वेन्नम के साथ स्वर्ण पदक जीता । वहीं मोहन भारद्वाज ने पेरिस में विश्व कप के तीसरे चरण में विश्व चैम्पियन निको वीनेर को हराकर रजत पदक हासिल किया । इसके अलावाऋषभ यादव ने अंतरराष्ट्रीय इंडोर टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। दीपिका कुमारी और अतनु दास टोक्यो में नाकाम रहे। टीम में बदलाव भी हुए ओर जयंत तालुकदार की वापसी होने के अलावा सचिन गुप्ता और तरूणदीप राय को टीम में जगह मिली। वहीं महिला वर्ग में दीपिका की जगह 24 वर्ष की अंकिता भकत को मौका दिया गया। इसके अलावा पूर्व कैडेट और युवा चैम्पियन कोमलिका बारी और राष्ट्रीय चैम्पियन रिधि को भी टीम में जगह मिली। महिला टीम अंताल्या में विश्व कप में कांस्य पदक ही जीत सकी । इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति की नयी सदस्य डोला बनर्जी ने भी माना कि तीरंदाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि अनुभवी खिलाड़ी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये जिससे टीम को नुकसान हुआ।



# कम बजट में एन्जॉय करें न्यू ईयर सेलिब्रेशन इन खूबसूरत वादियों में

2023 के स्वागत प्लान बना रहें हैं तो खुश हो जाइये क्योकि इस बार साल के पहले दिन की शुरुआत वीकेंड से हो रही है। ऐसे में आप कहीं भी दो से तीन दिन के लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए जा सकते हैं। अगर आप कन्फ्यूज है डेस्टिनेशन और बजट को लेकर तो आप किसी भी कम बजट वाले हिल स्टेशन पर इंजॉय कर सकते हैं। उत्तराखंड के कुछ हिल स्टेशन आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन का मजा दुगना कर देंगे क्योकि आप यहां कम खर्च में भी पूरा इंजॉय कर सकते हैं। आइये जानते हैं इन स्थानों के बारे में-

**ऋषिकेश**

ऋषिकेश का नाम सुनते ही आपके जेहन में रिवर राफ्टिंग, कैम्पिंग जैसी एक्टिविटीज़ आने लगती है। ऋषिकेश में साल भर देशी विदेशी पर्यटकों की भरमार रहती है। यहां बहुत सी धर्मशालाएं है जहां आप मुफ्त में भी ठहर सकते हैं। तीन दिन की ऋषिकेश ट्रिप का खर्च लगभग पांच हजार रूपये आ सकता है। दिल्ली से ऋषिकेश की दूरी 263 किलोमीटर है और किराया भी आपके बजट में है।

**लैंसडाउन**

लैंस डाउन की दूरी दिल्ली से 280 किलोमीटर है जानें में लगभग 7 घंटे लगते हैं। कम खर्च वीकेंड इंजॉय करने के लिए लैंस डाउन आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां के शांत वातावरण में आप फैमिली और दोस्तों के साथ फुल इंजॉय कर सकते हैं। यहां आप रिवर रॉफ्टिंग और ट्रैकिंग का मजा ले सकते हैं। लैंसडाउनमें भी कम बजट में न्यू ईयर का सेलिब्रेशन का पूरा आनंद मिलेगा।

**अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा दिल्ली से लगभग 305 किलोमीटर की दूरी पर है यहां पहुंचने में आपको 7 घंटे लगते हैं। अल्मोड़ा के पहाड़ो की खूबसूरती और यहां का जीरो पॉइंट डियर पार्क आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन को यादगार बना देंगे। अल्मोड़ा हिमालय के पहाड़ो से घिरा हुआ है। यहां भी आप कम बजट में एन्जॉय कर सकते हैं।

**कसोल**

कम पैसों में नए साल का स्वागत आप कसोल में कर सकते हैं। हिमाचल में बसा कसोल आपका मन मोह लेगा यहां की नैचुरल खूबसूरती आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन में चार चांद लगा देगी। कसोल जानें के लिए आपको दिल्ली से बस मिल जाएगी जिसका किराया 500-1000 तक हो सकता है। यात्रा में लगभग 12 घंटे लगते हैं। नजदीकी एयरपोर्ट कुल्लू है। कुल्लू यहां से लगभग 42 किलोमीटर की दूरी पर है। कसोल की ट्रिप भी कम पैसों में इंजॉय कर सकते हैं। यहां का मलाणा गांव भी घूम सकते हैं। यहां के घने जंगल और उनके बहती पार्वती नदी की खूबसूरती आपके सेलिब्रेशन को यादगार बना देंगे ।




# हिमाचल की वादियां बर्फबारी में आनंद के लिए पुकार रही हैं

यदि आप बर्फ का आनंद लेना चाहते हैं भारत के हिमालयी राज्य जैसे जम्मू और कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और असम एवं पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्र में बर्फ का असर देखने को मिलता है, लेकिन सबसे बेहतर जगह की बात करें तो आपको हिमाचल का चयन करना चाहिए। यहां वैसे तो बारिश के मौसम को छोड़कर किसी भी मौसम में जाया जा सकता है, लेकिन यदि आप जनवरी में जाना चाहते हैं तो जानिए 10 बेस्ट जगहें।

1. चंबा - उत्तराखंड के मसूरी से मात्र 13 घंटे की दूरी पर बसा है चंबा। यह टिहरी, मसूरी, उत्तरकाशी जाने वाले रास्तों के बीच में पड़ता है। पंजाब के अमृतसार शहर से ट्रेन द्वारा आप यहां जा सकते हैं। चंबा की सीढ़ीनुमा सड़कें और ऊंचे-ऊंचे वृक्षों से लदी घुमावदार घाटियां, झुरमुटों में छुपे छोटे-छोटे घर आपके मन को मोह लेंगे।
2. मनाली - शिमला से मनाली लगभग 275 किलोमीटर दूर है। चारों ओर से पहाड़ों से घिरे मनाली को देखकर रोमांच और रोमांस का अनुभव होता है। एडवेंचरस के शौकिन लोगों के लिए यह बेहतरीन स्पॉट है। यहां आने वाले पर्यटक कस्बे में स्थित गांव में ठहरते हैं। यहां आप ट्रेकिंग, स्कीइंग और राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। मनाली से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है कोठी। यहां से पहाड़ों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। यहां बीस नदी का तेजी से बहता ठंडा पानी अदभुत नजारा पेश करता है।
3. डलहौजी - डलहौजी हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां की दूरी चंडीगढ़ से 239 किमी, कुल्लू से 214 किमी और शिमला से 332 किमी है। चंबा यहां से 192 किलोमीटर दूर है। यहां दर्जनों ऐसे स्थल है जो मन को सुकून देने वाले हैं। डलहौजी से ढाई किमी दूर खजीयार झील है, जिसका आकार बेहद आकर्षक तश्तरीनुमा है। इसे देखना बहुत ही अद्भुत है।
4. शिमला - मन को सुकून देने वाली हरियाली से घिरे शिमला को सात पहाड़ियों का शहर भी कहा जाता है। गर्मी में भी यहां का अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आस-पास रहता है।

बर्फ पर स्कीइंग करने वालों के लिए जनवरी से मार्च के मध्य का समय सबसे अच्छा है। फिशिंग व गोल्फ के साथ ही आप यहां आकर ट्रैकिंग का मजा भी ले सकते हैं। शिमला-किन्नौर क्षेत्र में नरकंडा से बंजर और सराहन से सांगला यहां के मशहूर ट्रैक रूट हैं। दोनों ही रूट लगभग सवा तीन किलोमीटर की दूरी के हैं।

5. ज्वालादेवी देवी- ज्वालामुखी- सिद्धिदा (अंबिका) इसे ज्वालाजी स्थान कहते हैं। ज्वालादेवी का मंदिर हिमाचल के कांगड़ा घाटी के दक्षिण में 30 किमी की दूरी पर स्थित है। यह मां सती के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माता की जीभ गिरी थी। इसकी शक्ति है सिद्धिदा (अंबिका) और भैरव को उन्मत्त कहते हैं। हजारों वर्षों से यहां स्थित देवी के मुख से 9 ज्वालाएं प्रज्वलित हो रही हैं जिससे बुझाने का प्रयास अकबर ने किया था लेकिन वह असफल रहा। ये ज्वालाएं 9 देवियों महाकाली, महालक्ष्मी, सरस्वती, अन्नपूर्णा, चंडी, विन्ध्यवासिनी, हिंगलाज भवानी, अम्बिका और अंजना देवी की ही स्वरूप हैं।
6. धर्मशाला - कांगड़ा से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है धर्मशाला। यहां की बर्फ से ढके धौलाधार पर्वत श्रृंखला को देखना बेहद खास है। यह शहर अलग-अलग ऊंचाई के साथ ऊपरी और निचले डिवीजनों में बांटा गया है। इसके निचले हिस्से में धर्मशाला शहर और ऊपरी डिवीजन को मैकलोडगंज के नाम से जाना जाता है।
7. स्पीति घाटी - यह घाटी हर तरह से हिमालय की पहाड़ियों से घिरी हुई है। यहां बर्फ से ढके पहाड़, घुमावदार सड़कें और सुरम्य घाटियां मन को लुभाती है। यहां सिर्फ गर्मी में ही जाया जा सकता है।
8. रिवालसर झील मंडी - मंडी हिमाचल प्रदेश का ऐतिहासिक शहर है जो ब्यास नदी के किनारे बसा है। मंडी अपने 81 पुराने पत्थर के मंदिरों और बेहतरीन नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, इसे अक्सर 'हिल्स का वाराणसी' कहा जाता है।
9. बीर-बिलिंग घाटी - यह पैराग्लाइडिंग के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन स्थानों में से एक है जो हर साल वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप की मेजबानी भी करता है। इसमें टेक-ऑफ साइट को बिलिंग कहा जाता है और लैंडिंग साइट बीर कहते हैं। यहां पर आप ट्रेकिंग और मैडिटेशन का भी आनंद ले सकते हो।
10. पालमपुर - यहां हिमाचल की सबसे ज्यादा नदियां बहती हैं। यह स्थान देवदार के जंगलों और चाय के बागानों से घिरा हुआ है। अगर आप हिमाचल प्रदेश घूमने जा रहे है तो पालमपुर की सैर करना न भूलें क्योंकि यहां पर नदी और हरियाली का अद्भुत संगम है।




# जनवरी में घूमने जा रहे हैं तो ये हैं बेस्ट विंटर ट्रैवलिंग टिप्स


बर्फ को देखा या समुद्र की ठंडी लहर को महसूस करना या फिर किसी हिल स्टेशन पर घाटी के नजारें देखना जनवरी की ठंड में बहुत ही अद्भुत होता है, लेकिन इसी के साथ ठंड के साधन रखना भी जरूरी है। यदि आप जनवरी की गुलाबी ठंड में घूमने की इच्छा रखते हैं तो हम आपके लिए लाएं है बहुत ही शानदार जगहों के साथ ही बेस्ट विंटर ट्रैवलिंग टिप्स। जनवरी में ट्रैवल करने के अपना अलग ही आनंद है।

**बेस्ट विंटर ट्रैवलिंग टिप्स**

1. गर्म कपड़े : सर्दी के हिसाब से आप स्वेटर, जर्किन, कोट, मफलर, टोपा, हैंड ग्लब्स, इनर वियर आदि गर्म कपड़े जरूर रख लें।
2. कंबल और शॉल : जितने लोग उतने हल्के फुल्के कंबल और शॉल जरूर रखकर ले जाएं।
3. हेल्थ किट : सर्दी के मौसम में बहुत जल्दी सर्दी जुकाम खांसी और बुखार हो सकता है। ऐसे में जरूरी दवाइयां ले जाएं। जरूरी दवाइयों में बुखार, एलर्जी, सर्दी जुकाम, एसिडिटी, सिरदर्द आदि की टैबलेट रख लें।
4. मजबूत जूते : ऐसे जूते पहनें जो मजबूत होने के साथ ही मौसम की मार झलने वाले हों। जिनपर मौसम का कोई असर न होता है। पहाड़ पर चढ़ने लायक और पैरों को कांटों से बचाने वाले अच्छी ग्रीप से जूते रखें।
5. कैश जरूर रखें : ट्रिप के लिए तय बजट से कुछ ऊपर ही रुपए कार्ड में रखें, क्योंकि आपातकालीन स्थिति बताकर नहीं आती है। इमरजेंसी के लिए कैश जरूर रखें।
6. सनस्क्रीन क्रीम : यह जीतना गर्मी में जरूरी है उतना ही सर्दियों में भी।
7. स्मार्ट वॉच : यह भी बहुत काम की है।
8. ड्राई फूड : यह आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ ही भोजन की कमी के दौरान काम आते हैं।
9. माचिस : यह आग जलाकर ताप सेंकने के काम आ सकती है।
10. अन्य वस्तुएं : पोर्टेबल चार्जर, दो मोबाइल रखें, फेस कवर, सनग्लास एण्ड हैट, रिचार्जेबल टॉर्च, पानी की बोतल आदि।

**बेस्ट विंटर डेस्टिनेशन**

1. जैसलमेर : राजस्थान में जैसलमेर और बाड़मेर का दौरा करना चाहिए। जैसलमेर स्वर्ण नगरी के रूप में विख्यात है।
2. गोवा : अगस्त से मार्च माह के बीच गोवा में बहुत ही शानदार माहौल रहता है। जनवरी में यहां पर नए वर्ष को मनाने के लिए लोग एकत्रित होते हैं।
3. लक्ष्यद्वीप : यदि आप सर्दी में टापू का मजा लेना चाहते हैं तो भारत में लक्ष्यद्वीप के अलावा भी कई स्थान है। जैसे अंदमान निकोबार, दमण दीप, पुडुचेरी आदि।
4. मसूरी: ठंड में आप ठंडी जगह घूमने का मजा लेना चाहते हैं तो उत्तराखंड के मसूरी हिल स्टेशन जाएं। मसूरी के पास ही चंबा को देखना न भूलें।
5. मुन्नार : केरल के इस हिल स्टेशन की पहचान है यहां के विस्तृत भू-भाग में फैली चाय की खेती, औपनिवेशिक बंगले, छोटी नदियां, झरनें और ठंडे मौसम।




# न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन, जहां रहते हैं बड़ी संख्या में हिन्दुस्तानी

अगर आप इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन प्लान कर रहे हैं और सही डेस्टिनेशन नहीं चूज कर पा रहे हैं तो हम आपको कुछ ऐसे शानदार डेस्टिनेशन बता रहें हैं जो है तो देश से बाहर लेकिन वहां पहुंच कर आपको भारतीय रंग और भारतीय मूल के लोग ही मिलेंगे। यहां के त्यौहार और यहां की मौज मस्ती सब आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन को यादगार बना देंगे, आइये जानते है इनके बारे में

**मॉरीशस**

मॉरीशस अपने शानदार होटेल्स और खूबसूरती के कारण जाना जाता है। यहां हिन्दुओं की आबादी तीसरे नम्बर पर हैं। यहां हिन्दुओं की लगभग 14 लाख की आबादी है। भारत और नेपाल के बाद मॉरीशस में हिन्दुओं की सबसे बड़ी आबादी रहती है। यहां की मुद्रा मारिशिये रुपया है। मॉरीशस घूमने में 7-10 दिनों का समय पर्याप्त रहेगा। इतने समय में आप मॉरीशस की सैर आराम से कर सकते हैं। मॉरीशस को ड्रीमलैंड के नाम से भी जाना जाता है। हनीमून कपल्स के लिए यह फेवरिट डेस्टिनेशन है। यहां आप अपने वेकेशंस को पूरी तरह से इंजॉय कर पाएंगे। मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस है जो राजा लुई के नाम पर दिया गया है। यहां से 30 किलोमीटर की दूरी पर यहां का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सर शिवसागर रामगुलाम स्थित है।






**फिजी**

फिजी पूरी दुनियां में अपने आइलैंड्स के लिए फेमस है। यहां के समुद्र तट अपनी खूबसूरती और शांत वातावरण से सुकून का अहसास कराते हैं । यहां भी आपको बड़ी संख्या में हिन्दू आबादी मिलेगी। फिजी की राजधानी सुवा यहां का सबसे बड़ा शहर है जो रेवा प्रान्त में हैं 1882 में सुवा को फिजी की राजधानी बनाया गया था। इसके पूर्व यहां की राजधानी लेवुका थी। यहां के आइलैंड फेमस वीकेंड डेस्टिनेशन हैं।

**सूरीनाम**

वीकेंड डेस्टिनेशन के लिहाज से सूरीनाम भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। सूरीनाम में 27.4 की आबादी हिन्दुओं की है। इसलिए यहां भी आपको अपने देश जैसी ही फीलिंग आएगी। यहां सूरीनामी हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। यहां की आधिकारिक लैंग्वज डच है। सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो है यहां कुल दस जिले हैं। सूरीनाम में आपको भोजपुरी बोलने वाले लोग अच्छी संख्या में मिल जायेंगे।

**गुयाना**

अगर आप वीकेंड स्पेंड करने के लिए कोई शांत और खूबसूरत डेस्टिनेशन नहीं सेलेक्ट कर पा रहे हैं तो गुयाना भी आपके लिए सही ऑप्शन है। यहां भी आपको बड़ी संख्या भारतीय मूल के लोग मिलेंगे। अंग्रेजी यहां की भाषा है। यहां आपको लकड़ी से बनीं इमारतें देखने को मिलेंगी जिनमें यहां की प्राचीन सेंट जॉर्ज एंग्लिकन कैथेड्रल है जिसे दुनिया भर के पर्यटक देखने आते हैं। यह दुनिया की सबसे ऊंची लकड़ी की इमारतों में से एक है। यहां की मुख्य मुद्रा गुइनिश डॉलर है लेकिन अंग्रेजी डॉलर भी चलता है। यहां के समुद्र तट और यहां के फेस्टिवल की मौज मस्ती देखने लायक होती है। यहां आपको रेलवे यातायात की सुविधा नहीं मिलेंगी यात्रा करने के लिए बसों का इस्तेमाल किया जाता है।

## संयुक्त राष्ट्र व ओआईसी ने महिलाओं को शिक्षा से वंचित करने के लिए की तालिबान की आलोचना

काबुल ।अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं को शिक्षा से पूरी तरह से वंचित कर दिया है। तालिबान ने कहा है कि घरेलू और विदेशी एनजीओ में काम करने वाली महिलाएं सही ढंग से हिजाब नहीं पहनकर इस्लाम का अपमान करती हैं ।इस वजह से उनके एनजीओ में काम करने को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा तालिबान ने एनजीओ ने भी महिलाओं की भर्ती पर रोक लगाने की मांग की हैं ।तालिबान के इस कदम का सभी इस्लामिक देशों ने विरोध किया है। तालिबान के इस कदम पर इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी कतर और यूएई ने कड़ी प्रतिक्रिया की है ।इस्लामिक देशों के संगठन ओर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) ने कहा है कि तालिबान के इस कदम से अफगान महिलाओं के मौलिक अधिकारों को एक और गंभीर झटका लगा है। ओआईसी के महासचिव हिसेन ताहा ने तालिबान के इस कदम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि तालिबान का यह कदम प्रत्यक्ष रूप से अफगान महिलाओं के अधिकारों को और अधिक प्रभावित करने की मंशा को दर्शाता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों पर लगातार बढ़ते प्रतिबंधों की निंदा करते हुए मंगलवार को देश के तालिबान शासकों से उन्हें तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी ।बयान के मुताबिक सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए छठी कक्षा से आगे के स्कूलों के निलंबन को लेकर एक बार फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है ।सुरक्षा परिषद अफगानिस्तान के विकास और प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों की पूर्ण समान और सार्थक भागीदारी की मांग करता है ।

## बांग्लादेश-भारत सीमा पर तीन सीमा हाटों को फिर से शुरु किया जाएगा

**-बांग्लादेश को चावल गेहूं चीनी और प्याज की आपूर्ति करेगा भारत**

ढाका ।बांग्लादेश संगबाद संगठन (बीएसएस) के अनुसार बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने कहा कि तीन सीमा हाटों में से जो बांग्लादेश-भारत सीमा पर व्यापारिक चौकियां हैं जो कि महामारी के कारण बंद थे उसमें से एक चालू है दूसरी जल्द ही खुलेगी ।बांग्लादेश-भारत वाणिज्य मंत्री स्तर की बैठक के बाद मुंशी ने कहा कि सीमावर्ती हाटों को फिर से खोलने के लिए भारत के सुझाव के जवाब में ढाका ने कहा कि सीमावर्ती हाटों को फिर से खोलने के प्रयास हो रहे हैं। विशेष रूप से बांग्लादेश-भारत वाणिज्य मंत्री स्तर की बैठक 22-23 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बीएसएस ने बताया सम्मेलन में मुंशी ने कहा कि भारत देश की मांग के अनुसार बांग्लादेश को चावल गेहूं चीनी और प्याज सहित सात आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है ।उन्होंने कहा संभावित खाद्य संकट का सामना करने के लिए चावल गेहूं चीनी और प्याज जैसी प्रमुख आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए वार्षिक कोटा सुविधा मांगी गई है। वे (भारत) हमारी जरूरत के मुताबिक ऐसा कोटा तय करने पर राजी हो गए हैं। बांग्लादेश के मंत्री मुंशी ने बताया कि बैठक के दौरान बांग्लादेश ने भारत से बांग्लादेशी जूट से बने सामानों पर 2017 में लगे डंपिंग रोधी शुल्क को वापस लेने का अनुरोध किया। बीएसएस ने टीपू के हवाले से कहा जवाब में उन्होंने (भारत) हमें मामले पर सक्रिय रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश और भारत दोनों कम से कम समय में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने पर सहमत हुए हैं ।उम्मीद है कि बहुत जल्द इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इस बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश जल्द से जल्द व्यापार सौदे के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्ष सीईपीए चर्चा को जल्द से जल्द शुरू करने पर सहमत हुए हैं।

## चीन-नेपाल सीमा पार रेलवे के व्यवहार्यता अध्ययन के लिए चीनी विशेषज्ञ टीम नेपाल पहुंची

काठमांडू ।चीन ने नेपाल-चीन सीमा पार रेलवे लाइन की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम काठमांडू भेजी है ।गौरतलब है कि प्रचंड ने सोमवार को तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी ।इस बीच चीनी दूतावास ने ट्विटर पर कहा चीन-नेपाल सीमा पार रेलवे के व्यवहार्यता अध्ययन और सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञ टीम पहुंच गई है तथा दूतावास प्रभारी वांग शिन ने काठमांडु में उनका स्वागत किया। दूतावास के प्रवक्ता ने ट्वीट किया (यह) हमारे नेताओं के बीच बनी सहमति के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय है और नेपाल के साथ जुड़ाव को बढ़ाने के लिए ठोस कदम है। फरवरी में नेपाली संसद ने घरेलू स्तर पर राजनीतिक विरोध और चीन की आपत्तियों के बावजूद 50 करोड़ डॉलर के अमेरिकी सरकारी सहायता कार्यक्रम-मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन को मंजूरी दे थी। नेपाल में दबदबा बढाने के लिए अमेरिका के साथ होड़ कर रहे चीन ने तीखी प्रतिक्रिया में कहा था कि वाशिंगटन को धौंस वाली कूटनीति के जरिए अन्य देशों की संप्रभुता को कमजोर नहीं करना चाहिए।

## एरिजोना में 3 भारतीय मूल के लोगों की जमी झील में गिरने से हुई मौत

वाशिंगटन। अमेरिकी एरिजोना में एक महिला समेत 3 भारतीय मूल के लोगों की जमी झील में गिरने से मौत हो गई। हादसा 26 दिसंबर को दोपहर तीन बजकर 35 मिनट पर कोकोनीनो काउंटी में वुड्स घाटी झील में हुआ। कोकोनीनो काउंटी के शेरिफ के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि झील में गिरकर मरने वाले लोगों की पहचान नारायण मुद्दन गोकुल मेदिसेती और हरिता मुड्डाना के रूप में हुई है। ये तीनों एरिजोना के चैंडलर के रहने वाले थे और मूल रूप से भारतीय थे। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हरिता को बाहर निकाल लिया था लेकिन उसे बचा नहीं पाए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों के शव बरामद हो गए हैं। अधिकारियों की ओर से जारी बयान के अनुसार दो पुरुषों और एक महिला के जमी हुई झील पर चलने के दौरान बर्फ के टूट जाने से उसमें गिर जाने के बाद क्षेत्र के एक सबस्टेशन पर तैनात कर्मियों को मौके पर बुलाया गया था। इन दिनों अमेरिका और कनाडा में 10 लाख से अधिक लोग भीषण सर्दी का सामना कर रहे हैं। क्यूबेक से टेक्सास तक 3200 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में बर्फीले तूफान का कहर है जिससे कई लोग परेशानियों से जूझ रहे हैं।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान में झरना जमा अब तक 60 से अधिक मौतें ड्राइविंग बैन लागू घरों-गाड़ियों में मिल रही फ्रोजन लाशें

वाशिंगटन। अमेरिका में आए बर्फीले तूफान ने सब कुछ अस्त व्यस्त कर दिया है। जानकारों का कहना है कि ये बर्फीला तूफान आर्कटिक डीप फ्रीज की वजह से आया है। इस तूफान की वजह से अब तक 60 से ज्यादा लोगों के मरने की खबर है। अमेरिका में सोमवार को 3800 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। बिगड़ते हालात को देखते हुए 70 फीसदी तक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। बफेलो में भी सभी तरह की परिवहन सुविधाएं प्रभावित रहीं। यहां ट्रेनें और हवाई यात्रा को रद्द करना पड़ा। यहां तक कि भीषण बर्फबारी के चलते सड़क मार्ग भी बंद कर दिए गए हैं। बफेलो समेत उन इलाकों में ड्राइविंग बैन लागू है जहां बर्फ ने अपना सितम ढा रखा है। अमेरिका में



चारों तरफ जमी बर्फ की मोटी चादर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अमेरिका के टेनेसी में सोमवार को एक झरना की तस्वीरें भी सामने आईं जो कि सर्दी और मौसम के बर्फीले अटैक में 90 फीसदी से ज्यादा जम गया। वाटर फॉल को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में टेलिको प्लेन्स में बाल्ड रिवर फॉल्स को बड़े पैमाने पर बर्फ से ढका देखा जा सकता है। अमेरिका में प्रकृति के इस कहर में चारों तरफ कोहराम मचा हुआ है। भयानक सर्दी में मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हर तरफ बर्फ की मोटी चादर ने जीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए हैं। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। तूफान के कहर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि लोग अपने घरों और यहां तक कि कारों में जम कर मौत का शिकार हो गए हैं।



न्यूयार्क में बर्फीले तूफान के बीच ही लोग रास्त में जमी बर्फ हटाते हुए।

## भीषण बेरोजगारी संकट का सामना कर रहा ड्रैगन दो करोड़ युवा बेरोजगार


बीजिंग ।कोरोना संक्रमण के जूझ रहे चीन को बेरोजगारी संकट का भी सामना करेगा है। वर्तमान में चीन में 16 से 24 साल की उम्र के करीब दो करोड़ लोग शहरों और कस्बों में बेरोजगार हैं। इस डाटा में गांवों की बेरोजगारी शामिल नहीं है। आंकड़ों में शहरी युवाओं की आबादी 107 मिलियन दिखाई गई है जिसके आधार पर ये गणना की है। चीन में युवा बेरोजगारी दर इस साल नई ऊंचाई पर पहुंच चुकी है। ये मार्च में 15.3 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में रिकॉर्ड 18.2 प्रतिशत हो गई। अगले कुछ महीनों तक और बढ़ते हुए यह जुलाई में 19.9 प्रतिशत तक पहुंच गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त में ये दर थोड़ी कम होकर 18.7 प्रतिशत हो गई थी लेकिन अभी भी ये शीर्ष पर बनी हुई है। बेरोजगारी के कारण लगभग पांच में से एक योग्य चीनी नौकरी नहीं हासिल कर पा रहा है। इसके लिए कोविड महामारी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। देश को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि चीन में काम कर रही शीर्ष कंपनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्मार्टफोन निर्माता कंपनियों में से एक शोओमी भी अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। हाल ही में कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि शोओमी ने कंपनी को सुव्यवस्थित किया है और कर्मचारियों का अधिकतम उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि इस उपाय की वजह से कंपनी के कार्यबल के 10 प्रतिशत से कम प्रभावित हुआ।

# एक फरवरी 2023 से पुतिन ऐसा क्या करने वाले हैं, जिससे मच जाएगा हाहाकार

### यूरोपियन यूनियन में पड़ सकती है दरार !

**मास्को (एजेंसी)।** दुनिया का रहनुमा, लोकतंत्र का प्रहरी, आतंकवाद का दुश्मन और खुद को सुपरपॉवर मुल्क मानने वाले देश अमेरिका और उसके साथ ही पश्चिमी देशों का समूह यूरोपीय यूनियन। पूरे विश्व में तनाव है और जिसकी वजह यूक्रेन सीमा पर रूसी सेना का फैलाव है। इधर ईयू बैन-बैन करता रहा और उधर पुतिन ने बिना किसी शोर-शराबे के बता दिया कि आप जो थे वो थे अब तो बस हम ही हम हैं। ऐसे में रूस के राष्ट्रपति ने अब एक बार फिर से साबित कर दिया है कि चाहे जो भी हो जाए वो यूरोप के सामने कतई नहीं झुकेंगे। रूसी राष्ट्रपति के इस नए फैसले से यूरोपियन यूनियन को बड़ा झटका लगने वाला है। एक फरवरी से पुतिन उन यूरपोयिन देशों को तेल का निर्यात नहीं करेंगे जो तेल और तेल उत्पादों की कीमतों को तय करने की जिद कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में उन देशों को तेल निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए हैं जो रूसी तेल पर मूल्य कैप लगाते हैं। डिक्री के अनुसार, प्रतिबंध 1



फरवरी, 2023 से लागू होगा। क्रेमलिन के फरमान में कहा गया हैः 'यह ... 1 फरवरी, 2023 को लागू होता है और 1 जुलाई, 2023 तक लागू रहता है।' हालाँकि, डिक्री में एक खंड शामिल है जो पुतिन को विशेष मामलों में प्रतिबंध को खत्म करने की अनुमति देता है।

इस महीने की शुरुआत में पुतिन ने संकेत दिया था कि रूस तेल उत्पादन में कटौती कर सकता है और किसी भी देश को तेल नहीं बेचेगा जो पश्चिम की 'मूर्खतापूर्ण' मूल्य सीमा को लागू करता है। उनकी प्रतिक्रिया जी-7 देशों, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया द्वारा इस साल फरवरी में यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के बाद रूसी समुद्री कच्चे तेल पर 60 प्रति बैरल मूल्य कैप पर सहमत होने के बाद आई है। 24 फरवरी, 2022 को पुतिन ने यूक्रेन में 'विमुद्रीकरण उद्देश्य से एक विशेष सैन्य अभियान' शुरू किया।

## बेनजीर की शहादत वाले दिन बेटे बिलावल का जोरदार वार, कहा- इमरान का हाल मुशर्रफ जैसा हो गया



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने झूठ की राजनीति को खारिज करने की कसम खाते हुए कहा कि जिस तरह मुशर्रफ अतीत का हिस्सा बन गए हैं, वैसे ही चयनित भी अब अतीत का हिस्सा हैं क्योंकि 'हमने मुशर्रफ जैसे लोगों को बाहर कर दिया है। अपनी मां को याद करते हुए उन्होंने कहा कि शहीद बेनजीर भुट्टो सच की राजनीति में विश्वास करती थीं। हम झूठ की राजनीति को दफन कर देंगे। हालांकि, विदेश मंत्री बिलावल ने कहा, 'पीपीपी बदले की राजनीति में विश्वास नहीं करती थी। मैं नहीं चाहता कि पीपीपी नेतृत्व की तरह मेरे राजनीतिक विरोधियों को भी नुकसान उठाना पड़े।

बिलावल भुट्टो ने कहा, 'राष्ट्रपति जरदारी ने मुशर्रफ को दूध से मक्खी की तरह भगाया और आज हम गर्व से कहते हैं कि शहीद मोहतरमा बेनजीर भुट्टो अभी भी हैं जबकि मुशर्रफ इतिहास के कूड़ेदान में चले गए हैं। 27 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की 15वीं पुण्यतिथि मनाने के लिए लरकाना के गढ़ी खुदा बक्स में आयोजित पीपीपी की जनसभा को संबोधित करते हुए भुट्टो परिवार की अगली पीढ़ी बिलावल ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को इतिहास को दोहराने से रोकने के लिए संसद में लौटने की सलाह दी। उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की नेता मरियम नवाज और पीपीपी एमएनए फरयाल तालपुर को इमरान के इशारे पर कथित रूप से गिरफ्तार किए जाने के तरीके को याद करते हुए याद दिलाया कि मरियम एक बहन, एक बेटी और एक पत्नी भी थी। ÷लेकिन अगर आप लोकतंत्र का हिस्सा नहीं बनते हैं, अगर आप लोकतांत्रिक व्यवहार नहीं अपनाते हैं, और अगर आप संसद में अपनी भूमिका नहीं निभाते हैं, तो हम उन लोगों को नहीं रोक पाएंगे जो ऐसा करना चाहते हैं।

## सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए 6ठी कक्षा से आगे स्कूलों के निलंबन पर चिंता जताई

जिनेवा। यूएनएससी ने अफगानिस्तान में महिलाओं के हकों पर बढ़ते प्रतिबंधों की निंदा करते हुए तालिबान शासकों से उन्हें तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। सुरक्षा परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए 6ठी कक्षा से आगे के स्कूलों के निलंबन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। सुरक्षा परिषद अफगानिस्तान के विकास में महिलाओं और लड़कियों की समान और सार्थक भागीदारी की मांग की है। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने अफगानिस्तान में महिलाओं को गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने से रोकने के फैसले के भयानक परिणामों की ओर भी इशारा किया।

## चीन के बाद पाक पर कहर बनकर टूट सकता है कोरोना अधिकांश लोगों ने लगवाया चीन निर्मित टीका

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** चीन में कोरोना से हाहाकार मचा हुआ है। चीन में कोरोना के मौजूदा विस्फोट से उसके पड़ोसी देशों में दहशत फैल गई है। चीन को अपना सबसे करीबी दोस्त बताने वाला पाकिस्तान आजकल चीन की वजह से तनाव में आ गया है। पाकिस्तान को खौफ सता रहा है कि चीन में कोरोना के जिस वैरिएंट ने तबाही मचाई है वह पाकिस्तान पर भी कहर बनकर टूट सकता है। पाकिस्तान सरकार अपने आवाम को आने वाले संकट से आगाह कर रही है। वहीं पाकिस्तान के स्वास्थ्य अधिकारी चीन सहित कुछ देशों में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के नए संस्करण को देश में आने से रोकने के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं। नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनसीओसी) का कहना है कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है लेकिन मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि हवाईअड्डों पर कोविड-19 पॉजिटिव मामलों का पता लगाने के लिए आने वाले यात्रियों की तेजी से जांच और स्क्रीनिंग जैसे उपाय नहीं किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एनसीओसी के सदस्य डॉ शहजाद अली खान ने कहा कि यह अनिश्चित है कि नए संस्करण पाकिस्तान में कैसे व्यवहार करेंगे क्योंकि विभिन्न वातावरणों में वायरस अलग-अलग व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि हम स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। यह एक तथ्य है कि चीन में अचानक कोविड का प्रसार देखा गया है क्योंकि वहां सख्त प्रतिबंध थे और इन प्रतिबंधों को अचानक हटाने से वायरस फैल गया। खान ने दावा किया है कि टीकाकरण के कारण पाकिस्तान के नागरिकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर है। पाकिस्तानी के नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान में 90 फीसदी आबादी को चीन से लाई गईवैक्सीन लगाई जा चुकी हैं।

## पार्किंग में लगा लाशों का ढेर, लोगों से कराए जा रहे जबरदस्ती फॉर्म पर साइन, कोरोना के कहर ने जिनपिंग को भी डरा दिया

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में कोरोना आउट ऑफ कंट्रोल होने के बाद पहली बार राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जुबान खुली है। चीन में कोरोना के तांडव से राष्ट्रपति शी जिनपिंग डर गए हैं। कोरोना विस्फोट पर पहली बार शी जिनपिंग ने बड़ा बयान भी दिया है। तबाही के बीच जिनपिंग ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने के लिए कदम उठाए जाए। इसके साथ ही चीनी राष्ट्रपति की तरफ से कहा गया कि हेल्थ केयर को कैंपेन की तरह चलाना अब जरूरी है। हाथ से निकलते हालात को देखकर पहली बार जिनपिंग की जुबान खुली है। वायरस के खिलाफ टारगेटेड अभियान चलाए जाने की बात भी कही गई है।

बता दें कि चीन कोविड के सबसे खतरनाक वेब का सामना कर रहा है। एक्सपर्ट के अनुमान के मुताबिक चीन में अगले कुछ महीने में लगभग 10 लाख लोगों की मौत हो सकती है। चीन में अस्पताल कोरोना के मरीजों से अटा पड़ा है। बेड तो बेड अस्पताल के फर्श पर सैकड़ों मरीजों का इलाज चल रहा है। दवाओं की भारी किल्लत है। दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर के बाहर लंबी कतारें लगी है। बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और मेडिकल स्टॉफ संक्रमित हैं। वे संक्रमण होने के बावजूद लोगों का इलाज कर रहे हैं।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो को मानवाधिकार कार्यकर्ता जेनिफर जेंग ने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए जेनिफर ने लिखा कि 24 दिसंबर को शंघाई शहर का अस्पताल, इस वीडियो में अस्पताल के फर्श पर शवों का ढेर दिखाई पड़ रहा है। चीन आंकड़ों को दुनिया के सामने आने से छिपाने के लिए अब नई चाल चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक, जो लोग अस्पताल से शवों को ले जाने के लिए आ रहे हैं उनसे एक फॉर्म पर साइन कराया जा रहा है। इसमें साफ शब्दों में लिखा है कि मौत कोरोना से नहीं हुई है।

# भारत से दुश्मनी पड़ रही भारी कंगाली की कगार पर पहुंचा पाकिस्तान

**-सेना के ऊपर खर्च कर रहा सारा पैसा**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** (ईएमएस)। पाकिस्तान को भारत से दुश्मनी करना भारी पड़ रहा है। आलम यह है कि पाकिस्तानी सरकार विदेशों में अपने दूतावासों को सैलरी नहीं दे पा रही है। इसके लिए पाकिस्तान को अमेरिका में अपनी संपत्ति को बेचना पड़ रहा है। यही नहीं चीन और सऊदी अरब ने आश्वासन दिया है कि वे पाकिस्तान को 13 अरब डॉलर की मदद देने वाले हैं लेकिन इससे भी पाकिस्तान की मुश्किलें खत्म नहीं हो रही हैं। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने खुलासा किया है कि कंगाली इस हालत में भी उसने वित?त वर्ष के पहले 5 महीने में सेना पर 517 अरब रुपये खर्च किए हैं।

पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय के मुताबिक ब्याज और रक्षा क्षेत्र पर ही कुल 2.2 ट्रिल्यन रुपये खर्च किए गए हैं जो पाकिस्तान की संघीय सरकार की कुल आय का 107 प्रतिशत है। इस तरह से पाकिस्तान सरकार अपनी आय से भी ज्यादा पैसा कर्जों का ब्याज देने और रक्षा क्षेत्र पर खर्च कर रहा है। इससे पाकिस्तानी सरकार को अन्य क्षेत्रों में बजट में भारी कटौती करनी पड़ रही है। पाकिस्तान के ब्याज चुकाने के मद में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पाकिस्तान ने सेना के पेंशन और अन्य खर्चों को छोड़कर 517 अरब रुपये केवल रक्षा पर खर्च किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक सेना पर यह खर्च पिछले वित्त वर्ष में 112 अरब रुपये मात्र था। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने अपने वित्त मंत्री को भी बदल दिया है लेकिन अभी तक कर्ज के इस जाल का हल नहीं निकल पा रहा है। यही नहीं शहबाज सरकार के नए वित्त मंत्री और भी खराब नीतियां अपना रहे हैं जिससे यह कर्ज संकट देश को डिफाल्ट की ओर ले जाता दिख रहा है। अगर आईएमएफ और चीन या सऊदी मदद नहीं करते हैं तब पाकिस्तान का डिफाल्ट होना तय है।

पाकिस्तान ने सेना पर 5 माह में 517 अरब रुपये खर्च किए हैं वहीं विकास के मद में केवल 133 अरब रुपये ही खर्च किए हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 53 फीसदी कम है। पाकिस्तान सरकार का बजट घाटा पिछले 5 महीने में 1.43 ट्रिल्यन रुपये हो गया है। इससे प्रत्येक पाकिस्तानी पर कर्ज भी अब बहुत बढ़ गया है। कंगाली के बाद भी पाकिस्तानी सेना लगातार घातक हथियार खरीद रही है। पाकिस्तान चीन और तुर्की से लगातार घातक युद्धपोत और सबमरीन खरीद रहा है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख भारत को गीदड़भभकी दे रहे हैं।



## जयशंकर 29 दिसंबर से तीन जनवरी तक साइप्रस, आस्ट्रिया की यात्रा पर जायेंगे

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर 29 दिसंबर से तीन जनवरी तक आधिकारिक यात्रा पर साइप्रस और आस्ट्रिया जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, जयशंकर 29 से 31 दिसंबर 2022 तक साइप्रस की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष भारत और साइप्रस के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। बयान के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस के साथ बैठक करेंगे। वह साइप्रस की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष अन्निता डेमेट्रियू से भी भेंट करेंगे। जयशंकर का साइप्रस में कारोबारी एवं निवेश समुदाय को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा विदेश मंत्री वहां भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित भी करेंगे। मंत्रालय के बयान के अनुसार, आस्ट्रिया में विदेश मंत्री जयशंकर यूरोपीय एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के मंत्री एलेक्जेंडर शैलेनवर्ग से मुलाकात करेंगे। पिछले 27 वर्षों में भारत से विदेश मंत्री स्तर पर आस्ट्रिया की यह पहली यात्रा है। जयशंकर की आस्ट्रिया यात्रा वर्ष 2023 में दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ की पृष्ठभूमि में हो रही है। गौरतलब है कि शैलेनवर्ग ने मार्च 2022 में भारत की यात्रा की थी। इस वर्ष शैलेनवर्ग और जयशंकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों से इतर तीन बार मिल चुके हैं। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहामर से मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी संवाद करेंगे। उनका विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक मारिआनो ग्रोसी से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

## आप पार्षद सुनिश्चित करेंगे कि लैंडफिल स्थलों से कूड़ा हटे : मनीष सिसोदिया

नयी दिल्ली। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में लैंडफिल स्थलों पर काम में तेजी लाने की जरूरत है और दिल्ली नगर निगम (एमडीसी) में आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद शपथ लेने के बाद इस दिशा में गति सुनिश्चित करेंगे। सिसोदिया ने महापौर पद के लिए 'आप' उम्मीदवार शैली ओबरॉय और उपमहापौर पद के लिए पार्टी प्रत्याशी आले मोहम्मद




इकबाल के साथ ओखला लैंडफिल स्थल का दौरा कर वहां किए जा रहे काम की प्रगति का मुआयना किया। सिसोदिया ने कहा, ' शपथ लेने से पहले ही 'आप' के पार्षदों ने काम शुरू कर दिया है। हमने ओखला लैंडफिल स्थल का दौरा किया और यहां अब तक की प्रगति का निरीक्षण किया। काम में तेजी लाने की जरूरत है और मुझे उम्मीद है कि छह जनवरी के बाद आप पार्षद इसे अवश्य सुनिश्चित करेंगे। कूड़े के पहाड़ों की ऊंचाई कम करने के लिए हमें हर हफ्ते लैंडफिल स्थलों का दौरा करने की जरूरत है।' एमसीडी पर 15 साल तक शासन करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसते हुए सिसोदिया ने कहा कि 'आप' को लैंडफिल स्थल खत्म करने में 15 साल नहीं लगेंगे। उन्होंने कहा, 'एमसीडी में भाजपा 15 साल से सत्ता में थी, फिर भी वह कूड़े के पहाड़ों को लेकर कुछ नहीं कर सकी। हम काम में तेजी लाने के लिए हर लैंडफिल स्थल पर और मशीनें भी लगाएंगे। हमारी कोशिश है कि इनके आसपास रहने वालों को राहत मिले।

## यमुना में अमोनिया प्रदूषण से दिल्ली के कुछ हिस्सों में जल आपूर्ति प्रभावित हुई

नयी दिल्ली। यमुना नदी में अमोनिया प्रदूषण बढ़ने के कारण दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वजीराबाद, चंद्रावल, बवाना, नांगलोई, द्वारका और हैदरपुर जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में परिचालन प्रभावित हुआ है। स्थिति में सुधार होने तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने कहा कि दक्षिण दिल्ली, मध्य दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और दक्षिण पश्चिम दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी कम दबाव में उपलब्ध होगा। भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, पीने के पानी में अमोनिया की स्वीकार्य अधिकतम सीमा 0.5 पीपीएम है।

## गणतंत्र दिवस पर मुक्त किए जाने वाले 51 कैदियों में सिद्धू का भी नाम समय से पहले मिल सकती है जेल से मुक्ति

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू 26 जनवरी को अपनी एक साल की सजा पूरी होने से 4 महीने पहले ही जेल से बाहर आ सकते हैं। पंजाब में गणतंत्र दिवस के मौके पर जिन 51 कैदियों को जेल से बाहर भेजने की सूची तैयार की गई है उनमें से एक नवजोत सिंह सिद्धू भी हैं। 1988 के रोड रेज केस में उन्हें 1 साल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि उनके अच्छे बर्ताव और बची हुई छुट्टियों को देखते हुए जेल प्रशासन उन्हें 8 महीने में ही रिहा करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि जिन कैदियों की सूची रिहाई के लिए तैयार की गई है उस मंत्री परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा। मंत्री परिषद से मंजूरी के बाद इस सूची को गवर्नर के समक्ष मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जेल प्रशासन ने नवजोत सिंह सिद्धू को विशेष राहत दिए जाने के सवाल पर कहा कि हम ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे। जेल प्रशासन के एक सूत्र ने कहा राज्य सरकार की ओर से नवजोत सिद्धू को कोई विशेष राहत नहीं दी जाएगी। कैदियों की रिहाई के लिए तय नियम होते हैं। इस लिस्ट में उन कैदियों को शामिल किया गया है जो सजा की अवधि पूरी कर चुके हैं लेकिन फाइन अदा न कर पाने की वजह से जेल में ही बंद हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे कैदी हैं जिन्होंने अपनी 60 से 70 फीसदी सजा पूरी कर ली है और उनका व्यवहार अच्छा पाया गया है। कैदियों की रिहाई प्रक्रिया को लेकर नियम है कि जेल प्रशासन को नियमावली दी जाती है। इसके तहत तय किया जाता है कि किन कैदियों को रिहा किया जा सकता है। राज्य सरकार की ओर से कैदियों की रिहाई की तय नीतियों के अलावा केंद्र सरकार की भी एक पॉलिसी है। इसके तहत 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को कैदियों की रिहाई की जाती है। गौरतलब है कि इसी साल मई में सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिद्धू को एक साल जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद 20 मई को नवजोत सिंह सिद्धू ने जिला अदालत में सरेंडर किया था और उन्हें पटियाला स्थित जेल में भेजा गया था। गौरतलब है कि इसी साल पंजाब विधानसभा चुनाव में नवजोत सिद्धू अमृतसर ईस्ट सीट से चुनाव हार गए थे।

## कोरोना पाजिटिव पाई गईं चीन से श्रीलंका के रास्ते मदुरै पहुंची मां और बेटी

नई दिल्ली। श्रीलंका के रास्ते चीन से मदुरै पहुंची छह साल की बेटी और उसकी मां के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। दोनों को आइसोलेट किया गया है। मदुरै जिला कलेक्टर ने बताया कि दोनों के सैंपल परीक्षण के लिए लैब भेज दिए गए हैं। इस बीच तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम सुब्रमण्यन ने चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी अस्पताल में मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों को भी संस्थानों में तैयारियों का जायजा लेकर जल्द ही स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। दूसरी ओर कोविड-19 के मामले बढ़ने की किसी भी तरह की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को पूरे देश में बचाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## मैसूर में चर्च में तोड़फोड़ बेबी जीसस की मूर्ति हुई क्षतिग्रस्त

मैसूर। मैसूर में मंगलवार शाम सेंट मैरी चर्च में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ के दौरान चर्च में बेबी जीसस की मूर्ति भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस आरोपी की पहचान के लिए चर्च परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की हैं। क्रिसमस के दो दिन बाद मैसूरु के पेरियापटना स्थित सेंट मैरी चर्च में तोड़फोड़ की गई। चर्च के एक कर्मचारी ने मंगलवार शाम 6 बजे तोड़फोड़ देखते ही तुरंत पादरी को घटना की सूचना दी।

# कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल है, क्या राहुल उसे खराब करना चाहते हैं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस द्वारा कश्मीर में तिरंगा फहराने की घोषणा के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि क्या राहुल गांधी ऐसे समय में घाटी में माहौल खराब करने जाना चाहते हैं जब जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए समाप्त होने के बाद हालात बेहतर हुए और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ''पीटीआई भाषा'' से खास बातचीत में कहा, '' आज जम्मू कश्मीर में कोई भी, कहीं भी तिरंगा फहरा सकता है, अब कोई रोक नहीं है क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर दिया है। '' उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में, 1.60 करोड़ पर्यटक आए हैं।

ठाकुर ने कहा, '' आज देश के कोने कोने से पर्यटक जम्मू कश्मीर आ रहे हैं और वे वहां कहीं भी जा सकते हैं। आज वहां पथराव की घटनाएं नहीं हो रही हैं, आतंकवादी मारे जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि जम्मू कश्मीर में हालात सुधरे हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने सवाल किया, '' क्या राहुल गांधी वहां माहौल खराब करना चाहते हैं ? क्या उनकी इच्छा वहां वातावरण खराब करने की है?'' सितंबर माह में कन्याकुमारी से शुरू हुई राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो यात्रा'' अगले माह कश्मीर में संपन्न होगी। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल को 1992 में मुरली मनोहर जोशी और नरेंद्र मोदी द्वारा ''एकता यात्रा'' निकाले जाने तथा जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने की घटना की याद दिलायी।

उन्होंने कहा, '' तब (1992 में) वहां आतंकवादी हमले, गोलीबारी की घटनाएं हो रही थीं और इसका (यात्रा का) बहुत विरोध भी किया गया था... और यह स्थिति तब थी जब कांग्रेस की सरकार थी।'' अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2011 में जब वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष थे तब उन्होंने कोलकाता से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा निकाली थी और यह केवल 11 वर्ष पुरानी बात है। उन्होंने कहा, '' तब केंद्र में कांग्रेस की ही गठबंधन सरकार थी और जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार ने तिरंगा यात्रा का विरोध किया था। मुझे, लोकसभा एवं राज्यसभा में प्रतिपक्ष के तत्कालीन नेताओं सुषमा स्वराज और अरूण जेटली को जेल में डाल दिया गया था।'' ठाकुर ने कहा कि तब जम्मू कश्मीर में तिरंगा फहराना मुश्किल था क्योंकि तब अनुच्छेद 370 और 35ए लागू था।

''लेकिन आज मोदी सरकार में जम्मू कश्मीर की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वहां कोई भी तिरंगा फहरा सकता है।'' उन्होंने कहा, '' मेरा तो इनसे सवाल है कि क्या वे अनुच्छेद 370 और 35ए खत्म करने पक्ष में हैं या विरोध में हैं? ये जम्मू कश्मीर में शांति के पक्ष में हैं या विरोध में।'' ठाकुर ने पूछा कि ये (राहुल गांधी) अपना कौन एजेंडा लेकर जा रहे हैं और क्या वहां का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं?




गौरतलब है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की ''भारत जोड़ो यात्रा'' सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। अब तब भारत जोड़ो यात्रा के 110 दिन हो चुके हैं और यह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली से गुजर चुकी है। कांग्रेस पार्टी की इस यात्रा के समापन के अवसर पर श्रीनगर में तिरंगा फहराने की योजना है।

# कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस राहुल की यात्रा से कार्यकर्ताओं को मिली संजीवनी : खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अपना 138वां स्थापना दिवस मना रही जहां दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झंडा फहराया। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को समावेशी बनाने के लिए युवाओं महिलाओं वंचित तबकों और बुद्धिजीवियों को हमारे साथ जोड़ना होगा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देशभर में करोड़ों कार्यकर्ताओं को संजीवनी मिली है। इसने हमारे प्रतिद्वंद्वियों को बेचैन कर दिया है। हम लोगों से इस यात्रा में शामिल होने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मूल सिद्धांतों पर लगातार हमले हो रहे हैं। पूरे देश में नफरत का गड्ढा खोदा जा रहा और जनता मंहगाई बेरोजगारी से परेशान है लेकिन सरकार को कोई परवाह नहीं है। खड़गे ने आगे कहा कि आज भारत ने प्रगति की है क्योंकि कांग्रेस ने दलितों गरीबों की बेड़ियों को तोड़ने का साहस किया है। लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए पंडित



जवाहरलाल नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल में 5 गैर-कांग्रेसी मंत्रियों को नियुक्त किया। ये सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत को दर्शाता है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों की भलाई और प्रगति के लिए काम किया। हम संविधान में निहित राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़ी अवसर की समानता में विश्वास करते हैं। आपको बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। उस दौरान मुंबई के दास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसकी नींव रखी गई। इसके संस्थापक महासचिव एओ ह्यूम थे जबकि व्योमेश चंद्र बनर्जी को अध्यक्ष बनाया गया। वैसे तो लंबे वक्त से कांग्रेस अध्यक्ष का पद गांधी परिवार के पास था लेकिन कुछ महीने पहले ही मल्लिकार्जुन खड़गे को नया अध्यक्ष चुना गया।

## सीएम गहलोत व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

जयपुर। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर पार्टी के लोगों को शुभकामनाएं दीं। गहलोत ने इस दिन को सभी कांग्रेस जनों के लिए गर्व और गौरव का दिवस बताया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की स्थापना से जुड़ी एक पुरानी फोटो साझा करते हुए ट्वीट किया कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कांग्रेस जन को हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे लिए आज का दिन बहुत ही गर्व और गौरव का दिवस है। उन्होंने लिखा कांग्रेस पार्टी की स्थापना को लंबा सफर तय करते-करते 137 वर्ष हो गए हैं 137 साल के त्याग बलिदान कुर्बानी का शानदार इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है।

## सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा : जयराम रमेश



**-बयान हेट स्पीच का मामला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के हालिया बयान को स्पष्ट रूप से हेट स्पीच का मामला करार देकर कहा कि वह प्रज्ञा के खिलाफ जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का रुख करुंगा। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा ठाकुर ने जो कहा है वहां स्पष्ट रूप से हेट स्पीच का मामला है। मैं इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ मुकदमा दायर करुंगा क्योंकि कर्नाटक में पुलिस भारतीय जनता पार्टी के सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी। उन्होंने कहा भाजपा सांसद की कर्नाटक में की गई टिप्पणी हेट स्पीच का एक साफ उदाहरण है और मैं इस तरह की टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने भी साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। टीएमसी प्रवक्ता साकेत गोखले और तहसीन पूनावाला ने साध्वी प्रज्ञा और शिवमोग्गा सांसद जीके मिथुन कुमार के खिलाफ शिकायत की। इसकी जानकारी दोनों ने ट्वीट कर दी। वहीं शिवमोग्गा के एसपी मिथुन कुमार ने कहा था कि प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ अब तक कोई केस दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमें मेल के जरिए साकेत गोखले और तहसीन पूनावाला से शिकायतें मिली हैं। सबसे पहले हमें मेल और भेजने वाले की प्रामाणिकता को सत्यापित करना होगा।

## जम्मू-कश्मीर : आतंकी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवार को सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक ''बड़ी सफलता'' बताया। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई। सेना के टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल गौरव गौतम के साथ मौजूद सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर पत्रकारों को बताया कि ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

उन्होंने कहा, '' मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है।'' एडीजीपी ने कहा,'' कश्मीर की ओर जा रहे एक ट्रक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसका पीछा किया गया और सिधरा नाके के पास रोका गया। तभी उसका चालक शौच जाने के बहाने भाग निकला।'' सिंह ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाशी शुरू कर ही रही थी, तभी अंदर से गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान ट्रक में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादी भारी हथियारों से लैस थे और कश्मीर की ओर जा रहे थे जब उन्हें रोका गया। ट्रक चालक की तलाश जारी है। एडीजीपी ने कहा, '' आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश जारी है और वे किस संगठन से संबद्ध थे यह भी पता लगाया जा रहा है।''

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने पहले 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि अभी तक तीन आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा था, '' यह संख्या अधिक हो सकती है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या आतंकवादी सीमा पार से आए थे और ट्रक चालक उन्हें कश्मीर ले जा रहा था, उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच 45 मिनट से अधिक समय तक मुठभेड़ चली। इस दौरान ग्रेनेड फेंके जाने के कारण कई विस्फोट भी हुए। भूसी से लदे ट्रक से धुआं निकलता देखा गया, जो मुठभेड़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

## हजरत इमाम हुसैन को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए लव-जेहाद के नाम पर हमें बदनाम न करें : याकूब अब्बास

**जौनपुर (एजेंसी)।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव एवं प्रवक्ता मौलाना डॉ यासूब अब्बास ने बुधवार को कहा कि लव जेहाद के नाम पर देश के मुसलमानों को बदनाम किया जाना समाज के हित में नहीं है। किसी भी धर्म जाति की लड़की से गलत हरकत करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लव जेहाद को लेकर पूछे गए एक सवाल पर डॉ अब्बास ने कहा किसी को भी अपनी पहचान छिपाने का हक नहीं है मगर इसके लिए केवल मुसलमानों को ही निशाना बनाया जाए यह भी ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा देश में कॉमन सिविल कोड लागू होने की दशा में हम विरोध करेगें। हिन्दुस्तान में विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं और एक दूसरे के धर्म का सम्मान भी करते हैं। यदि



कॉमन सिविल कोड का कानून लागू होता है तो इसका सीधा असर हमारे पर्सनल लॉ बोर्ड पर पड़ेगा जो हम लोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगें ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे सभी धर्म व मजहबों का सम्मान करते हुए ऐसे कानून लाने से बचे।

प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों की जांच पर कहा कि जो मदरसे खुफिया विभाग या सरकार की निगाह में गलत कार्य करते पाए जाएं उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन हर मदरसों की जांच होना ठीक नहीं है। इतिहास गवाह है कि इन्हीं मदरसों से आईएएस आईपीएस गर्वनर राजनेता वैज्ञानिक सहित कई ऐसी शख्सियत निकली है जिन्होंने देश की सेवा करते हुए मदरसों का नाम भी रौशन किया है। हमारे मदरसों के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं और यहां मजहब व दीन के साथ साथ देश की तरक्की व उन्नति की शिक्षा दी जाती है।

मौलाना ने कहा कि मुंबई में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में सभी ने सर्वसम्मत से संकल्प पत्र पारित किया और हजरत इमाम हुसैन का नाम शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। बड़े बड़े महापुरूषों के नाम सिलेबस में शामिल हैं ऐसे में इमाम हुसैन ने दुनिया में इंसानियत को बचाने के लिए अपने पूरे परिवार के साथ शहादत देकर अपना पैगाम दिया था। खासतौर पर हिन्दुस्तान से उनकी मोहब्बत जग जाहिर है। आज दुनिया में दो तरह का इस्लाम है एक सर काटकर अपनी तालिबानी हुकूमत का इजहार करता है तो दूसरी तरफ कर्बला हमें सर कटाकर इंसानियत बचाने का संदेश देती है। ऐसे में इमाम हुसैन के संदेश को दुनिया तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

## कश्मीर समस्या के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जिम्मेदार : भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने कश्मीर समस्या के लिए जवाहर लाल नेहरू को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि उनके कारण ही कश्मीर टूट गया और 1948 में कश्मीर का एक-तिहाई हिस्सा पाकिस्तान को चला गया। भाजपा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से कश्मीर समस्या के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार बताते हुए इससे जुड़े घटनाक्रम के वर्णन को तारीख अनुसार शेयर करते हुए लिखा नेहरू कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले गए जिसकी वजह से कश्मीर टूट गया।

भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का असली चरित्र ही भारत को तोड़ने का रहा है। भाजपा ने कश्मीर समस्या से जुड़े एक पोस्टर को भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर के साथ यह लिखा गया है कि 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तानी सेना के समर्थन से कबायलियों ने जम्मू कश्मीर पर आक्रमण किया। संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप के बाद 31 दिसंबर 1948 को संघर्ष विराम लागू हुआ जिसकी वजह से कश्मीर का एक तिहाई हिस्सा पाकिस्तान के पास चला गया। भाजपा ने कहा कि इनकी वजह से 1 जनवरी 1949 को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर अस्तित्व में आया। कांग्रेस ने 17 अक्टूबर 1949 को अनुच्छेद-370 को भारतीय संविधान का हिस्सा बना दिया।

## मैंने खूंटा गाड़ दिया तो पीएम मोदी भी उखाड़ नहीं सकते ओम माथुर का वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप

**जयपुर (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने राजस्थान में बड़ा बयान दिया है। ओम माथुर ने कहा कि मैंने खूंटा गाड़ दिया तो पीएम नरेंद्र मोदी भी हिला नहीं सकते। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि ईएमएस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती है। वायरल वीडियो में ओम माथुर कह रहे हैं कोई गलतफहमी मत पालना अब तो मैं केंद्रीय चुनाव समिति का मेंबर हूं। कोई गहतफहमी मत पालना। कम से कम पाली वाले। ऐसा माना जा रहा है कि वायरल वीडियो पाली जिले का है। ओम माथुर ने पाली में भाजपा की जनसभा को संबोधित करने के दौरान यह बाते कहीं।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 के अंत में होने हैं। राजस्थान भाजपा में सीएम फेस को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच ओम माथुर का बयान काफी अहम माना जा रहा है। राजस्थान की राजनीति में ओम माथुर को वसुंधरा राजे का धुर विरोधी माना जाता है। दो दिन पहले ही ओम माथुर ने सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया था। ओम माथुर ने कहा कि केंद्रीय संसदीय दल ही तय करेगा राजस्थान भाजपा का सीएम चेहरा कौन होगा। ओम माथुर ने कहा कि वह सीएम रेस में शामिल नहीं है। वसुंधरा समर्थक सीएम फेस घोषित करने की मांग कर रहे है जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का कहना है कि पीएम मोदी और पार्टी के चुनाव चिन्ह के आधार पर ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता के बयान के बाद राजस्थान भाजपा में खींचतान बढ़ने के आसार हैं। ओम माथुर को पार्टी ने इस बार राजस्थान से राज्यसभा सदस्य नहीं बनाया था। इससे भी ओम माथुर नाराज बताए जा रहे हैं। ओम माथुर सांसद नहीं है। पूर्व राज्यसभा सदस्य ओम माथुर भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं। यूपी चुनाव में उन्होंने बेहतरीन रणनीति बनाई थी जिसकी वजह से राज्य में योगी आदित्यनाथ सरकार की पुनर्वापसी हो पाई थी। ओम माथुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पसंदीदा नेता माने जाते हैं।

ओम माथुर का वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स के अलग-अलग कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-बयान सुनने के बाद मैं ओम माथुर का कायल हो गया। कोई तो बचा है पार्टी में जो कह दे कि जहां मैं खूंटा गाड दूं वहां प्रधानमंत्री मोदी भी कुछ हिला नहीं सकते। एक अन्य यूजर ने लिखा कम से कम ओम माथुर ने बोलने की हिम्मत तो दिखाई है।




स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# हीरा बा की तबियत में लगातार सुधार माता से मिलकर पीएम मोदी दिल्ली के लिए रवाना

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीरा बा की तबियत में लगातार सुधार हो रहा है और दो दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किए जाने की संभावना है। माता जी की नादुरुस्त तबियत की खबर मिलते ही पीएम मोदी आज दोपहर अहमदाबाद पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे अस्पताल गए। जहां हीरा बा से मिले और डॉक्टरों से उनकी स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली। करीब डेढ़ घंटे अस्पताल में रहने के बाद पीएम मोदी शाम को वापस दिल्ली लौट गए। दरअसल बुधवार की सुबह सीने में दर्द और सांस लेने तकलीफ की शिकायत के बाद हीरा बा को अहमदाबाद के यूएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में हीरा बा के सभी टेस्ट किए गए और उसके बाद उनका उपचार शुरू किया गया। हीरा बा के अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल कैबिनेट की बैठक के बाद यूएन अस्पताल पहुंच गए। इसके अलावा राज्यसभा सांसद परिमल नथवाणी समेत भाजपा के नेता सांसद और विधायक अस्पताल पहुंचे। दोपहर को अस्पताल में हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि हीरा बा की तबियत में सुधार हो रहा है। दूसरी ओर अपनी माता जी से मिलने पीएम मोदी भी दिल्ली से रवाना हो गए। अहमदाबाद एयरपोर्ट से पीएम मोदी सीधे यूएन अस्पताल पहुंचे। जहां पहले अपनी माता जी से मिले और उसके बाद डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हासिल की। डॉक्टर से हीरा बा की तबियत में संतोषजनक सुधार की जानकारी मिलने के बाद पीएम मोदी अहमदाबाद से दिल्ली के रवाना हो गए। पीएम मोदी ने करीब डेढ़ घंटे यूएन अस्पताल में बिताए। जानकारी के मुताबिक हीरा बा की तबियत में लगातार सुधार हो रहा है और संभावना है कि दो दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है।



# सूरत में मेयर के आवास पर हर साल खर्च होते थे 26 लाख, आप ने किया विरोध

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

**सुरक्षा,बेलदार एवं लाइट बिल व्यय**
- 12,32,448 प्रति वर्ष 4 मार्शल पर व्यय
- 9,21,384 6 निजी सुरक्षा गार्ड पर व्यय
- 4,05,576 एक बेलदार उद्यान विभाग पर व्यय
- लाइट बिल पर व्यय 1,03,790
- इस प्रकार कुल एक साल में 26,63,198 खर्च हुए
- कुछ जानकारियां रोक ली गईं

एक तरफ सूरत नगर निगम की निचली तिजोरी देखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष खर्च करने में किसी भी तरह का संयम नहीं रख रहे हैं। महापौर का बंगला धुले हुए हाथी की तरह तैयार हो रहा है। आम आदमी पार्टी के पार्षदों का आरोप है कि जनता के पैसे का दुरुपयोग कर बंगला तैयार किया गया है. साथ ही २६ लाख प्रति वर्ष खर्च को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया।




**मेयर के बंगले की आधी कीमत** सूरत के मेयर के बंगले को लेकर तब से कई तरह के विवाद चल रहे हैं। बंगले की खपत से लेकर बंगले का खर्चा हमेशा चर्चा का विषय रहा है। आपके नगरसेवक द्वारा मांगी गई जानकारी। इसमें कुछ चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। अकेले सुरक्षा और बागवानी पर हर साल २६ लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा भी कई खर्चे ऐसे होते हैं जो दिखाए नहीं जाते। बंगले के पीछे करोड़ों की सूरत नगर निगम है। आम आदमी पार्टी के पार्षद ने मेयर बांग्ला के संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन पूरी जानकारी नहीं दी गई है . आश्चर्यजनक रूप से बिल में दिखाई गई लागत। वह बिजली का बिल एक साल पुराना नहीं लग रहा है। महापौर बंगले के अंदर बिजली बिल की कुल लागत कितनी है? उसका भी ब्यौरा नहीं दिया गया है। इसके अलावा अन्य खर्चे हो रहे हैं। इसकी जानकारी भी छिपाई गई है।

**विवरण मांगा लेकिन नहीं दिया:** विपक्षी आम आदमी पार्टी के नगरसेवक महेश अघान और एक महिला पार्षद का आरोप है कि मेयर के बंगले को इस तरह से बनवाकर गलत खर्चा किया जा रहा है.



यह जनता के पैसे की बर्बादी है। बड़ी-बड़ी बातें करने वाली सत्ता पक्ष बच्चों की पढ़ाई को लेकर भी गंभीर नहीं है। साल खत्म होने को है, लेकिन बच्चों को समय पर यूनिफॉर्म, बूट और ग्लव्स नहीं दिए गए हैं। कुछ किताबें भी नहीं दी जाती हैं। शक्तिशाली देश बच्चों पर खर्च करने के बजाय सिर्फ अपनी दौलत पर खर्च कर रहे हैं।

# सूरत सिटी सचिन पुलिस ने खुद को क्राइम ब्रांच का पुलिस अधिकारी बताकर घूम रहे डुप्लीकेट पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत में क्राइम ब्रांच का फर्जी पुलिसकर्मी बनकर गलत काम करने वाले युवक को असली पुलिस को उपहार देकर गिरफ्तार किया सचिन पुलिस ने क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी की झूठी पहचान बताकर 3500 रुपये की रंगदारी मांगने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस विभाग द्वारा एक चाय केबिन दिया जाता है पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक, मोबाइल फोन और 86,590 रुपये नकद बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 1.23 लाख रुपये है.



**नकली पुलिस का असली पुलिस ने किया पीछा**

सचिन पुलिस कर्मचारी गश्त पर था तभी सूचना मिली कि सचिन होजीवाला के पास एक चाय की दुकान पर एक इसम बाइक पर बैठा है और अपना नाम अंकित भाई बताता है जो क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी है और उसे चाय का केबिन दिया गया था. पुलिस विभाग द्वारा उन्होंने आने की बात कहकर 3500 रुपए मांगे हैं। सूचना के आधार पर सचिन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां सूरत की असली सचिन पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी का झांसा देकर रंगदारी वसूल रहे युवक को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की. सचिन एक पुलिसकर्मी के वेश में था , पुलिस ने उससे आई-कार्ड मांगा, उसने कहा कि उसने अभी तक आई-कार्ड नहीं बनाया है, इसलिए पुलिस को शक हुआ और उससे सख्ती से पूछताछ की। पुलिस की कड़ी पूछताछ में उसने अपना नाम मोहमंद इलियास बंगी बताया और स्वीकार किया कि उसे पुलिस ने नौकरी पर नहीं रखा था. और वह पुलिस में काम करना पसंद करता है, वह खाकी पैंट, बेल्ट और बाइक को एक पुलिस वाले की तरह डंडे के साथ पहनता था। इसके अलावा पुलिसवाले की तरह बाल काटे गए थे।

**फर्जी पुलिस को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ शुरू करने के बाद** पुलिस ने 86590 रुपये नकद, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद कर कुल 1.23 लाख रुपये जब्त किये हैं. इस प्रकार खुद सचिन पुलिस ने पुलिस विभाग के कर्मचारी के रूप में काम करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर मामले की गहन जांच की है. पुलिस ने इस बात की भी गहन जांच की है कि कहीं आरोपियों ने इस तरह से किसी से पैसे तो नहीं वसूले।

# वापी से सोमनाथ जा रही प्राइवेट बस में लगी आग एक महिला यात्री की मौत

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुरेन्द्रनगर,चोटीला-राजकोट हाईवे पर आपा गीगा के ओटला के निकट प्राइवेट कंपनी की लक्जरी बस में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग की इस घटना में एक महिला यात्री की मौत हो गई। जबकि 4-5 यात्रियों के घायल होने की खबर है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक वलसाड के वापी से यात्रियों को लेकर प्राइवेट कंपनी की एक बस सोमनाथ की ओर जा रही थी। रास्ते में सुरेन्द्रनगर के चोटीला-राजकोट हाईवे पर आपा गीगा के ओटला के निकट बस में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने से बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। इस घटना में एक महिला यात्री की मौत हो गई। जबकि चार से पांच यात्री घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर मिलते ही फायर फाइटर की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और बस में लगी आग पर काबू पाया। हांलाकि तब तक यात्रियों की कीमती सामान जलकर राख हो गया।

# गुजरात के चार शहरों में होनेवाले पतंग महोत्सव में विदेशी पतंगबाज लडाएंगे पेंच

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

आगामी उत्तरायण के त्यौहार को लेकर गुजरात में पतंग महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। कोरोना के दो साल बाद होनेवाले पतंग महोत्सव को लेकर पतंगबाजों में जबर्दस्त उत्साह है। अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर राज्यस्तरीय पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा गुजरात के वडोदरा सूरत और राजकोट में पतंग महोत्सव मनाया जाएगा। कोरोनाकाल के चलते दो साल तक ज्यादातर त्यौहार पाबंदियों के साथ मनाए गए थे। लेकिन अब कोरोना की स्थिति में सुधार होने और ज्यादातार पाबंदियां खत्म होने से पूर्व की भांति लोग त्यौहार मनाने लगे हैं। दो साल बाद गुजरात सरकार ने भी पतंग महोत्सव का आयोजन किया है। कोरोनाकाल के बाद पहली बार होनेवाले अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में आजादी का अमृत महोत्सव और जी-20 समिट की थीम रखी जाएगी। पहली बार भारत जी-20 समिट की यजमानी कर रहा है जिससे पतंग महोत्सव में जी-20 समिट के कुछ अंश नजर आएंगे। इसी के साथ देश आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है और इसके अंतर्गत पतंग महोत्सव में उसके भी कई अंश दिखाई देंगे। अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का राज्यस्तरीय पतंग महोत्सव होगा। वडोदरा सूरत और राजकोट में भी पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसके अलावा वडनगर देवभूमि द्वारका केवडिया धोलेरा और धोरडो में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। 8 जनवरी से 14 जनवरी 2023 तक गुजरात में चलनेवाले अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में देशी-विदेशी पतंगबाज शामिल होंगे। करीब 68 देशों के 250 जितने पतंगबाजों को पतंग महोत्सव के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# मानव तस्करी के आरोप में महिला और पुरुष गिरफ्तार 2 महीने के बच्चे को लेकर जा रहे थे विजयवाडा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

महाराष्ट्र की वर्धा पुलिस ने मानव तस्करी के आरोप में एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए महिला और पुलिस अहमदाबाद से दो महीने के बच्चे को लेकर विजयवाडा पहुंचाने जा रहे थे। चूंकि पकड़े गए आरोपियों को बच्चा अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन के निकट सौंपा गया था इसलिए वर्धा पुलिस ने कालूपुर पुलिस को मामला ट्रांसफर कर दिया है। साथ ही दोनों आरोपियों को भी कालूपुर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक 25 दिसंबर 2022 को नवजीवन एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला और पुरुष दो महीने के बच्चे के साथ यात्रा कर रहे थे। महाराष्ट्र के वर्धा में जांच के दौरान पुलिस ने जब महिला व पुरुष से बच्चे के बारे में पूछताछ की। लेकिन चंद्रकांत मोहन पटेल और द्रौपदी राजा मेश्राम नामक दोनों आरोपी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। दोनों की तलाशी में पुलिस को अहमदाबाद से आंध्र प्रदेश के विजयवाडा तक रेल टिकट मिला। पुलिस ने आरोपी को मोबाइल जब्त कर लिया और उसके वॉटसएप की जांच में कॉल रिकार्ड से पता चला कि दो महीने का बच्चा अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन के सामने से कृणाल नामक व्यक्ति ने चंद्रकांत पटेल और द्रौपदी मेश्राम को विजयवाडा पहुंचाने के लिए दिया था। बच्चे को विजयवाडा पहुंचाने के लिए दोनों को 5000 रुपए नकद दिए गए थे। वर्धा पुलिस ने आरोपियों से 3000 रुपए नकद रेलवे का टिकट और मोबाइल फोन जब्त कर लिया। वर्धा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 370 के तहत मानव तस्करी के मामला दर्ज कर अहमदाबाद के कालूपुर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। साथ ही दोनों आरोपी चंद्रकांत पटेल और द्रौपदी मेश्राम को भी कालूपुर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं बच्चे को महाराष्ट्र बाल संरक्षण केन्द्र में भेज दिया गया है।

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि माता-पिता ने अपनी संतान एक व्यक्ति को बेच दी थी। जिसे कुणाल नामक शख्स के जरिए विजयवाडा के एक दंपत्ति को पहुंचाया जाना था।

# गुजरात कांग्रेस को झटका सुरेन्द्रनगर के दिग्गज नेता ने छोड़ा हाथ का साथ

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और अब उसके नेता भी पार्टी को अलविदा कर रहे हैं। सुरेन्द्रनगर जिले के दिग्गज नेता रैयाभाई राजपूत ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के साथ रैयाभाई ने बड़ा आरोप लगाया है कि सुरेन्द्रनगर की 5 में से दसाडा और चोटीला सीट कांग्रेस के पास थी और 2022 के चुनाव में इन दोनों क्षेत्रों से कांग्रेस की जीत की प्रबल संभावना थी। लेकिन चुनाव में स्थानीय नेताओं को विश्वास में लिए बगैर टिकट आवंटन की वजह से कांग्रेस ने दसाडा और चोटीला दोनों सीटें गंवा दीं।

उन्होंने कहा कि सुरेन्द्रनगर जिले में नियुक्त प्रभारियों ने भी स्थानीय नेताओं की लगातार उपेक्षा की। इस कारण अब मैं सुरेन्द्रनगर जिला कांग्रेस के प्रमुख पद से इस्तीफा दे रहा हूं। जिला कांग्रेस प्रमुख रैयाभाई राजपूत के इस्तीफे के बाद पार्टी के कई स्थानीय नेता पार्टी को अलविदा कर सकते हैं।

# किसान द्वारा खेत में लगाई गई करंट वाली बाड उसके ही परिवार के तीन लोगों को निगल गई

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

तापी,खेतों में अपनी फसल को जानवरों से बचाने के लिए किसान बाड़ लगाते हैं। कई किसान बाड़ से बिजली कनैक्शन जोड़ देते हैं ताकि करंट लगने से जानवर भाग जाए। लेकिन यह उपाय इंसानों के लिए जानलेवा बन जाता है। ऐसी ही एक घटना तापी जिले से सामने आई है जिसमें खेत में लगी करंट वाली बाड़ ने किसान परिवार के तीन लोगों की जान ले ली। इस घटना को लेकर पूरे गांव में शोक व्याप्त है। यह घटना तापी जिले की वालोड तहसील के मोरदेवी गांव की है। मोरदेवी के किसान ने खेत में अपनी फसल को शूअर से बचाने के लिए करंट वाली बाड़ लगाई थी। किसान ने सोचा नहीं होगा कि शूअर को रोकने के प्रयास में लगाई गई बाड़ उसके परिवार के लिए जानलेवा साबित होगी। खेत में चारों ओर लगी करंट वाली बाड़ ने किसान के माता-पिता और बेटे की जान ले ली। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। गौरतलब है जंगली जानवर खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए किसान अपने खेतों के चारों और कंटीली बाड़ लगाते हैं। सरकार इस कंटीली तार के लिए किसानों को सब्सिडी भी देती है। लेकिन तापी जिले के मोरदेवी के किसान ने कंटीली तार की बाड़ के बिजली से जोड़ दिया था। जिसकी वजह से किसान के बेटे और माता-पिता की मौत हो गई।